दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO.RAJHIN/2013/52026

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 82 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00

टोंक | मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 | कार्तिक सप्तमी तिथि संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



अलवर सांसद खेल उत्सव 2025-26



29, 30 एवं 31 अक्टूबर 2025 विधानसभा स्तर

14 एवं 15 नवम्बर 2025 सेमी फाइनल और फाइनल

07, 08 एवं 09 नवम्बर 2025

बैडमिंटन, बॉक्सिंग और योग की प्रतियोगिता

(बॉक्सिंग और योग की प्रतियोगिता स्थल)
इंदिरा गांधी स्टेडियम, अलवर

सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच का स्थल
इंदिरा गांधी स्टेडियम, अलवर

विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिता के स्थल

| विधानसभा | मुख्य खेल स्थल | बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल के खेल स्थल |
|---|---|---|
| किशनगढ़बास | जवाहर नवोदय विद्यालय | L.I.E.T. कॉलेज |
| तिजारा | भिवाड़ी स्टेडियम | भिवाड़ी स्टेडियम |
| बहरोड़ | R.P.S. | R.P.S., अवनि बैडमिंटन क्लब |
| मुंडावर | खानपुर अहीर स्टेडियम | L.I.E.T. कॉलेज |
| राजगढ़ | प्रताप स्टेडियम | डॉ. देशबंधु इनडोर बैडमिंटन हॉल |
| रामगढ़ | R.B.S. स्कूल | लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल |
| | | चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल |
| अलवर शहर | R.R. कॉलेज | इंदिरा गांधी स्टेडियम |
| अलवर ग्रामीण | L.I.E.T. कॉलेज | L.I.E.T. कॉलेज |

वी शक्ति ट्रस्ट

अलवर में सशक्त महिला, समर्थ युवा बनाने की एक पहल

B-190, Ambedkar Nagar, Alwar, Rajasthan

ASK-U India asku.india ASK-U India

## सम्पादकीय

# एसआईआर का दूसरा दौर, 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का चयन

अंततः चुनाव आयोग ने देश भर में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू कर दी। पहले चरण में बिहार में यह काम किया गया था। दूसरे चरण के लिए जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का चयन किया गया है, उनमें से कई में अगले एक वर्ष में चुनाव होने हैं। अच्छा होता कि यह काम एक निश्चित अंतराल में होता रहता। इसके पहले एसआईआर करीब दो दशक पहले किया गया था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर में इतना अंतराल न आने पाए, क्योंकि अब लाखों लोग नौकरी-पेशे के चलते अन्यत्र चले जाते हैं। इनमें से अधिकांश वहीं बस जाते हैं। इसके अतिरिक्त यह देखने में आता है कि मृतकों के नाम तो मतदाता सूची में बने रहते हैं, लेकिन नए लोगों के नाम उसमें दर्ज नहीं हो पाते। जितना जरूरी यह है कि एक भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में स्थान न पाने पाए, उतना ही यह भी कि पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित न होने पाए। मतदाता सूचियों को दुरुस्त करना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार ही नहीं, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की अनिवार्य आवश्यकता भी है। विडंबना यह है कि कुछ दलों को इस आवश्यकता की पूर्ति किया जाना रास नहीं आ रहा है। उन्होंने बिहार में एसआईआर को लेकर आसमान सिर पर उठाया और वोट चोरी के जुमले के सहारे सडक़ों पर उतरने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। यदि उनकी दाल न सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गली और न ही बिहार की जनता के बीच तो इसीलिए कि वे कोरा दुष्प्रचार कर रहे थे। यदि चुनाव का सामना कर रहे बिहार में वोट चोरी का जुमला सुनाई नहीं दे रहा है तो इसी कारण कि यहां की जनता ने यह समझा कि चुनाव आयोग ने जो किया, वह समय की मांग थी। इसे ही एसआईआर की प्रक्रिया से दो-चार होने जा रहे राज्यों की जनता को भी समझना होगा और इनमें भी पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु के लोगों को विशेष रूप से। इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने संकीर्ण राजनीतिक कारणों से एसआईआर के खिलाफ विरोध का झंडा बुलंद कर रखा है और वह भी तब, जब सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया को उचित पाया है। क्या यह विचित्र नहीं कि विपक्षी दल मतदाता सूचियों में गड़बडियों की शिकायत भी करते हैं और उनके पुनरीक्षण का विरोध भी ?हालांकि उनके दुष्प्रचार की पोल खुल चुकी है, फिर भी चुनाव आयोग को इसके लिए तैयार रहना होगा कि विपक्ष शासित राज्य एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध कर सकते हैं। उसे इसके प्रति सतर्क रहना होगा




कि मतदाता सूचियों को ठीक करने की प्रक्रिया में किसी तरह की गलती न होने पाए, क्योंकि विपक्षी दल छोटी-छोटी बातों को तूल देकर इस संवैधानिक प्रक्रिया को श्रीहीन करने की चेष्टा कर सकते हैं।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 28 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1886 - अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड ने दोस्ती के प्रतीक के तौर पर फ्रांस से उपहार में मिली 'स्टैच्यु ऑफ लिबर्टी' का औपचारिक अनावरण किया।
- 1891 - जापान में भूकंप से 7300 लोगों की मौत।
- 1918 - आस्ट्रिया और हंगरी के अलग होने के बाद चेकोस्लोवाकिया स्वतंत्र हुआ।
- 1954 - अर्नेस्ट हेमिंग्वे को साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- 1955 - मिस्त्र और सऊदी अरब ने रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1998 - इंटरपोल की 67वीं आमसभा अत्याधुनिक तकनीक आतंकवाद और अन्य आधुनिक संगठित अपराधों से निपटने की एक नयी रणनीति के साथ समाप्त।
- 2001 - जर्मनी के चांसलर गेरहार्ड श्रोडर भारत की यात्रा पर आये, जापान के प्रधानमंत्री जुनीशिरो कोअजुमी के विशेष दूत योसितो मोरी भारत दौरे पर आये।
- 2004 - बीजिंग में 4000 वर्ष पुराने मकबरों का पता लगा। परमाणु मसले पर ईराक के साथ यूरोपीय संघ की वार्ता विफल।
- 2009 - पाकिस्तान के पेशावर में बम धमाके से 117 मरे, 213 घायल।
- 2012 - सीरिया में संघर्ष विराम का उल्लंघन, 128 लोग मारे गये।
- जर्मनी के सेबेस्टियन वेटेल ने वर्ष 2012 का फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री खिताब जीता।
- 28 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1883 - मौरिस गार्नियर हैलेट - भारत सरकार में गृह सचिव रहे।
- 1955 - बिल गेट्स - माइक्रोसाफ्ट के संस्थापक वाशिंगटन।
- 1958 - अशोक चह्वाण - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ हैं।
- 1963 - उर्जित पटेल - भारतीय रिज़र्व बैंक के 24वें गवर्नर।
- 1930 - अंजान - भारतीय हिन्दी फ़िल्मों के मशहूर गीतकार तथा अपने समय के ख्याति प्राप्त शायर।
- 1871 - अतुल प्रसाद सेन - प्रसिद्ध विधिवेत्ता, शिक्षा प्रेमी, रचनाकार तथा बांग्ला भाषा के प्रसिद्ध कवि और संगीतकार थे।

## विशेष आलेख

# शिक्षित वर्ग में जातीय पूर्वाग्रह का स्थायित्व



डॉ. प्रियंका सौरभ

संविधान ने समानता और सामाजिक न्याय के आदर्शों को स्थापित किया, परंतु भारतीय समाज में जाति चेतना अभी भी गहराई से विद्यमान है। शिक्षित और शहरी वर्गों में यह चेतना प्रत्यक्ष भेदभाव के बजाय सूक्ष्म रूपों में प्रकट होती है—जैसे रोजगार, विवाह और सामाजिक नेटवर्क में। आर्थिक प्रगति और आधुनिकता ने जाति को कमजोर किया है, पर समाप्त नहीं किया। व्यावसायिक क्षेत्रों में जातीय सामाजिक पूँजी अब भी अवसरों और संपर्कों को प्रभावित करती है। जब तक मानसिकता और व्यवहार में समानता स्थापित नहीं होती, तब तक संवैधानिक समानता का आदर्श अधूरा रहेगा।

भारतीय समाज की संरचना में जाति एक ऐसी संस्था रही है जिसने व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन को प्रभावित किया है। संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जहाँ व्यक्ति की पहचान उसकी योग्यता, नैतिकता और कर्म पर आधारित हो, न कि जन्मजात सामाजिक वर्ग पर। इसी उद्देश्य से संविधान में समानता का अधिकार, अवसरों की समानता, और अस्पृश्यता के उन्मूलन जैसी कई सुरक्षा धाराएँ जोड़ी गईं। किंतु सात दशक से अधिक बीत जाने के बाद भी यह स्वीकार करना होगा कि जाति की चेतना केवल गाँवों तक सीमित नहीं रही; उसने शिक्षित, शहरी और व्यावसायिक तबकों में भी अपने रूप बदले हुए स्वरूप में अस्तित्व बनाए रखा है। संविधान ने अनुच्छेद 14 से 17 के माध्यम से स्पष्ट रूप से सभी नागरिकों को समानता और सम्मान का अधिकार दिया। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इसे केवल विधिक समानता का नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समानता का माध्यम बताया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि सामाजिक असमानता बनी रही तो राजनीतिक समानता टिक नहीं सकेगी। यह चेतावनी आज भी प्रासंगिक प्रतीत होती है, क्योंकि कानून की शक्ति के बावजूद समाज की मानसिकता में गहराई से जमी जाति-आधारित सोच पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाई है। शिक्षा को सामाजिक चेतना का वाहक माना जाता है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से शिक्षित वर्ग में भी जातीय पूर्वाग्रह सूक्ष्म और परिष्कृत रूपों में जीवित हैं। विश्वविद्यालयों और पेशेवर संस्थानों में प्रवेश के दौरान, सहकर्मी संबंधों में या सामाजिक नेटवर्किंग में अक्सर जाति एक अनकही पहचान के रूप में उपस्थित रहती है। 'मेरिट' की चर्चा करते हुए कई बार लोग आरक्षण नीति को लेकर पूर्वाग्रह रखते हैं और यह मान बैठते हैं कि आरक्षित वर्गों के लोग स्वाभाविक रूप से कम योग्य हैं। यह धारणा आधुनिक भारत के शिक्षित तबके में भी समानता के सिद्धांत को चुनौती देती है। शहरीकरण और औद्योगीकरण को जातीय सीमाओं को तोडऩे वाला माना गया था। परंतु व्यवहार में देखा जाए तो शहरों में भी जातीय चेतना नई संरचनाओं में पुनर्जीवित हुई है। उदाहरण के लिए, महानगरों में भी अधिकांश लोग अपने ही जाति-समूहों में विवाह करते हैं। 'मैट्रिमोनी वेबसाइट्स' पर जाति और उपजाति आज भी प्रमुख फिल्टर के रूप में मौजूद हैं। इसका अर्थ यह है कि आर्थिक प्रगति और आधुनिकता ने बाहरी व्यवहार को तो बदला है, परंतु सामाजिक मनोविज्ञान अब भी जाति के घेरे से मुक्त नहीं हो सका है।

व्यावसायिक क्षेत्रों में भी जाति की उपस्थिति को नकारा नहीं जा सकता। पारंपरिक रूप से व्यापार और व्यवसाय कुछ खास जातियों के वर्चस्व में रहे हैं, और आधुनिक कॉर्पोरेट ढाँचे में भी यह प्रवृत्ति अप्रत्यक्ष रूप से जारी है। नेटवर्किंग, निवेश और अवसरों तक पहुँच में जातीय सामाजिक पूँजी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उदाहरणस्वरूप, किसी व्यापारिक समुदाय के सदस्य एक-दूसरे को व्यवसायिक सहयोग देना अधिक सहज समझते हैं। इसी तरह नौकरियों में भर्ती या पदोन्नति के दौरान 'सांस्कृतिक मेल' या 'नेटवर्क फिट' जैसे अस्पष्ट मानदंडों के तहत कई बार सामाजिक पूर्वाग्रह सक्रिय रहते हैं। राजनीतिक रूप से भी जाति चेतना ने आधुनिक लोकतंत्र में नई ऊर्जा प्राप्त की है। शहरी मध्यम वर्ग स्वयं को अक्सर जाति से ऊपर बताता है, लेकिन चुनावों के दौरान वही वर्ग जातिगत पहचान के आधार पर अपनी निष्ठा तय करता दिखाई देता है। जातीय संगठन, छात्र संघ और पेशेवर एसोसिएशन अब अपनी जातिगत पहचान को अधिकारों की माँग से जोड़ रहे हैं। इस तरह जाति अब केवल सामाजिक संस्था नहीं रही, बल्कि यह 'राजनीतिक संसाधन' और 'सामाजिक पूँजी' का रूप ले चुकी है। भारत में शहरी क्षेत्रों में जाति का यह रूप प्रकट भेदभाव की अपेक्षा सांकेतिक भेदभाव के रूप में उभरता है। किसी को उसकी जाति के कारण सीधे अपमानित करना अब कानूनन अपराध है, परंतु सूक्ष्म रूपों में यह मानसिकता सामाजिक जीवन में व्याप्त रहती है। उदाहरण के लिए, किसी कर्मचारी के सामाजिक पृष्ठभूमि का उपहास करना, आरक्षण को लेकर तंज कसना, या सहकर्मी के साथ सामाजिक दूरी बनाकर रखना — ये सब जाति-आधारित पूर्वाग्रह के ही रूप हैं। डिजिटल युग में जातीय चेतना ने एक नया माध्यम प्राप्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर जातीय समूहों के पेज, संगठन और समुदाय अपने गौरव और इतिहास का प्रचार करते हैं। यह सांस्कृतिक आत्मसम्मान का प्रतीक हो सकता है, लेकिन कई बार यह प्रतिस्पर्धात्मक जातीयता में बदल जाता है, जिससे समाज में नये विभाजन पैदा होते हैं। 'हम' बनाम 'वे' की मानसिकता अब वर्चुअल दुनिया में भी कायम है। आर्थिक उदारीकरण के बाद माना गया था कि वैश्विक बाजार और निजी क्षेत्र में योग्यता ही सर्वोपरि होगी। परंतु 1990 के दशक से लेकर आज तक के अध्ययन यह दर्शाते हैं कि कॉर्पोरेट सेक्टर में भी दलित और पिछड़े वर्गों की भागीदारी अपेक्षाकृत कम है। निजी क्षेत्र में आरक्षण का प्रावधान नहीं होने के कारण यह असमानता और बढ़ी है। परिणामस्वरूप, आधुनिकता और बाजारवाद ने समान अवसरों का भ्रम तो दिया, परंतु जातीय असमानता की वास्तविकता को समाप्त नहीं कर पाया। शहरी मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा जाति को औपचारिक रूप से अस्वीकार करता है, परंतु अनौपचारिक जीवन में यह वर्ग जाति-संबंधी पहचानों का उपयोग करता है।

# सब समय के अधीन है !




सुनील कुमार महला

*दूसरा, समय हमें जीवन में अनुशासन सिखाता है और यह समय ही है जो हमारे जीवन को व्यवस्थित भी बनाता है। समय के बारे में यह कहा गया है- 'समय अमूल्य है', क्योंकि एक बार बीता हुआ समय फिर कभी लौटकर नहीं आता।*

मानव जीवन में समय( टाइम ) का बहुत महत्व है ।वास्तव में, देखा जाए तो समय ही सफलता की नींव है, क्योंकि जो व्यक्ति समय का सही उपयोग करता है, वह हमेशा आगे बढ़ता है। दूसरा,समय हमें जीवन में अनुशासन सिखाता है और यह समय ही है जो हमारे जीवन को व्यवस्थित भी बनाता है। समय के बारे में यह कहा गया है- 'समय अमूल्य है', क्योंकि एक बार बीता हुआ समय फिर कभी लौटकर नहीं आता।'समय सबसे बड़ा शिक्षक है', यह बताती है कि अनुभव और सीख हमें समय के साथ ही मिलती है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि समय का सदुपयोग हमें लक्ष्य प्राप्ति में मदद करता है ।समय ही व्यक्ति को मेहनत और कर्म के मूल्य को समझाता है ।समय के प्रति जागरूक व्यक्ति दूसरों का सम्मान भी पाता है ।समय का सही प्रबंधन हमारे तनाव व अवसाद को कम करता है तथा समय ही हमारे जीवन में संतुलन बनाए रखता है। वास्तव में,समय प्रबंधन सफलता की कुंजी है ।यह हमें काम समय पर पूरा करने में मदद करता है ।अच्छा समय प्रबंधन मनुष्य जीवन में अनुशासन लाता है तथा इससे तनाव कम होता है और उत्पादकता( प्रोडेक्टीविटी ) बढ़ती है ।जो व्यक्ति समय का सम्मान करता है, वही जीवन में आगे बढ़ता है। दूसरे शब्दों में कहें तो जो समय की कद्र करता है, वह जीवन में कभी पछतावा नहीं करता। संस्कृत में बड़े ही खूबसूरत शब्दों में समय के बारे में कहा गया है कि -'कालः सर्वत्र गोविन्दः कालः सर्वत्र बलवत्तरः। कालः सर्वं भक्षयति सर्वं कालस्य पालनम्॥' इसका मतलब यह है कि काल (समय) सबसे शक्तिशाली है। वही सबका रक्षक और संहारक है। समय के आगे किसी की शक्ति नहीं चलती। वास्तव में, समय सभी प्राणियों को बनाता, मिटाता और संचालित करता है। वह कभी नहीं रुकता और उसका अतिक्रमण असंभव है। किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन में समय का कभी भी दुरूपयोग नहीं करना चाहिए, क्यों कि जो समय बीत गया, वह फिर नहीं लौटता। इसलिए श्रेष्ठ कार्य करने के लिए समय का सदुपयोग करना चाहिए। इस संबंध में संस्कृत में कहा भी गया है कि -'क्षणे काले गतं नीतं न लभ्यं पुनरागतम्। तस्मात् समयमालम्ब्य कार्यं कुर्यादनुत्तमम्॥' वास्तव में सच यह है कि बीता हुआ समय और दिन फिर नहीं आते, इसलिए प्रत्येक क्षण का उपयोग उचित कार्य में करना चाहिए। अंत में यही कहूंगा कि समय ही मनुष्य जीवन का सबसे महत्वपूर्ण धन है, जिसे न तो खरीदा जा सकता है और न ही वापस पाया जा सकता है। जो व्यक्ति समय का सही उपयोग करता है, वही सफलता की ऊँचाइयों को छूता है। समय का सम्मान करना यानी जीवन का सम्मान करना है। आलस्य और टालमटोल करने वाला व्यक्ति अपने अवसर खो देता है। हर पल मूल्यवान होता है, इसलिए उसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। समय हमें अनुशासन, परिश्रम और धैर्य का पाठ सिखाता है। जो व्यक्ति समय के साथ चलता है, वही प्रगति करता है। समय बीत जाने के बाद पछतावा ही हाथ आता है। धन खोकर पाया जा सकता है, पर समय खो जाने के बाद उसे कोई नहीं लौटा सकता-यही इसे सबसे कीमती बनाता है।

## मेरे जहन में

बढ़ता राजस्थान





रूपक शर्मा
बढ़ता राजस्थान

कुछ सवाल हैं मेरे जहन में बस बिना सोनोग्राफी के पहले बच्चे आखिर कैसे पैदा हो जाते?? पहले एक कमरे में परिवार कैसे पल जाते थे?? जबकि आज एक सदस्य को एक कमरा भी छोटा पड़ता है। पहले ना कॉल डिटेल थी ना सीसीटीवी कैमरे फिर पुलिस आखिर कैसे मुजरिम तक पहुँच जाती थी? पहले छतों पर टंकी नही थी फिर भी लोग प्यासे नहीं थे आज सबकी टंकियों में पानी पानी भरा हुआ है फिर भी इंसान प्यासा मर रहा है। पहले पराए में अपने दिख जाते थे पर अब अपनों में पराई की झलक आने लगी है। एक सवाल ओर जहन में रहता है कि आखिर इतने धर्म का प्रचार होने के बाद भी तेजी से ये वृद्धाश्रम किसके लिए खुल रहे हैं।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# दुनिया में हर तीसरे बच्चे को मायोपिया की बीमारी, जानें क्या है ये बीमारी और इसके लक्षण

हाल में आई एक रिसर्च के मुताबकि ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से मो बच्चों की आंखों की रोशनी पर काफी नकारात्मक असर पड़ रहा है और बच्चे मायोपिया के शिकार हो रहे हैं। इस रिसर्च के मुताबिक हर तीन में से एक बच्चे की आंखें फोन देखने से खराब हो रही है और उनकी दूर दृष्टि लगातार कमजोर हो रही है। चाइना की सून यात सेन यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने इस अध्ययन में पाया है कि कोविड लॉकडाउन के दौरान बच्चों का ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताने से आंखों की रोशनी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है इसकी वजह से दूर की रोशनी कमजोर यानी कि बच्चे मायोपिया का शिकार हो रहे हैं। यह एक एक बढ़ती हुई विश्व स्तर पर स्वास्थ्य चिंता है जो 2050 तक लगभग 74 करोड़ बच्चों को प्रभावित करेगी। आइए जानते हैं कि आखिर क्या है मायोपिया और इसके शुरुआती लक्षण

**मायोपिया क्या है?**

मायोपिया जिसे सामान्य भाषा में निकट दृष्टि दोष या नज़दीक की दृष्टि कमजोर होना कहा जाता है, एक दृष्टि दोष है जिसमें व्यक्ति को दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई देती हैं, लेकिन नजदीक की चीज़ें स्पष्ट दिखती हैं। यह समस्या तब होती है जब कॉर्निया यानी आंख की पुतली अधिक फैल जाती है, जिसके कारण प्रकाश की किरणें रेटिना पर ठीक से नहीं गिरतीं और धुंधली दृष्टि का कारण बनती हैं।

**मायोपिया का इलाज -**

चश्मा या कॉन्टेक्ट लैंस का इस्तेमाल करना सामान्य और सुरक्षित तरीको में से एक हैं। यह लेंस आंखों में गिरने वाली प्रकाश किरणों को सही दिशा में मोडऩे का काम करते हैं। लेजर सर्जरी यह स्थायी रूप से दृष्टि को सुधारने का एक विकल्प हो सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए सेहत पर थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा और आप अपने घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। बिजनेस की कोई डील लंबे समय से आपकी हुई थी।

**वृष**

आज आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में या भावनाओं में बेहतर लेने से बचना होगा। आप अपने कामों में थोड़ा समझदारी और बुद्धि का प्रयोग करके ही आगे बढ़ें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मिथुन**

आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका मान-सम्मान बढने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको बिजनेस में भी छुटपुट लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आपका ध्यान कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है।

**सिंह**

आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, उनका प्रमोशन होने से उनका मन काफी खुश रहेगा। आपको कोई दूसरी नौकरी का ऑफर भी आ सकता है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी कला और कौशल में निखार आएगा।

**तुला**

आज आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप कोई भी काम थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें, क्योंकि आपके शत्रु आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपनी बचत पर भी पूरा ध्यान देंगे और संतान को आप कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके सामने कुछ खर्च ऐसे आएंगे, जो मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। परिवार के सदस्यों में किसी बात को लेकर वाद विवाद हो, तो आपस उसमें चुप रहने की कोशिश करें।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है। आपको किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, जिसके लिए यात्राएं भी अधिक होगी।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो बेवजह का लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। करियर में आपका अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आपका बिजनेस भी पहले से बेहतर रहेगा, जो आपको खुशी देगा, क्योंकि आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बातचीत करने में व्यतीत करेंगे, जिससे पुराने गिले शिकवे भी दूर होंगे और कारोबार में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

वर्ष : 13 | अंक : 82 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
RNI NO.RAJHIN/2013/52026

टोंक | मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 | कार्तिक सप्तमी तिथि संवत् - 2082

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

# दैनिक बढ़ता राजस्थान

कदम बढ़ाएं, सच के साथ



# व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य


**नई दिल्ली।** पटना समेत पूरे बिहार में छठ पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। महापर्व के तीसरे दिन पटना में छठ व्रतियों ने 1.5 किलोमीटर तक डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई छठी मइया की भक्ति में डूबा रहा। वहीं औरंगाबाद में 12 लाख श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया। पटना, औरंगाबाद, बेगूसराय और भागलपुर से छठ व्रत के तीसरे दिन व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रती 3 बजे से नदियों, तालाबों में खड़े होकर हाथ में सूप लेकर सूर्य की उपासना करते रहे। इस दौरान हर तरफ छठ के गाने बजते रहे। घाट पर भारी भीड़ दिखाई दी। औरंगाबाद के सूर्य मंदिर तालाब में 10 से 12 लाख से अधिक छठ व्रतियों की भीड़ जुटी। मंदिर की ओर जाने वाले हर रास्ते पर सिर्फ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ीमुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने CM हाउस में अर्घ्य दिया। इधर LJP(R) सांसद शांभवी चौधरी पटना स्थित अपने पिता अशोक चौधरी के आवास पर अर्घ्य देने पहुंची। मंत्री नितिन नवीन और चिराग पासवान ने भी पटना में अपने-अपने आवास पर अर्घ्य दिया।इसके अलावा एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने भी छठ पूजा की। उन्होंने पटना के दीघा स्थित मीरपुर घाट पर गंगा में स्नान के बाद सूर्य की उपासना की और अर्घ्य दिया। कल उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास और 4 दिन के महापर्व का समापन होगा।

## हल्की बारिश से बढ़ी ठंडक, पारा 10 डिग्री तक गिरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मौसम का मिजाज बदला हुआ है। प्रदेश में बारिश का मौसम देखने को मिल रहा है। पिछले 24 घंटों में कोटा समेत कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। इस दौरान कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। पिछले 24 घंटों में शहर समेत जिलेभर में बारिश दर्ज की गई। इस दौरान कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। जिले में सर्दी शनैः-शनैः कदम रख ही रही थी कि बारिश से कदम ठिठक से गए। हालांकि सर्दी के यह कदम जल्द रफ्तार पकड़ेंगे। चक्रवाती हवाओं व बारिश के साथ अब प्रदेश और देश में सर्दी का असर बढने की संभावना भी है। कई जगह खेतों में कटने को तैयार और कट चुकी फसलों को नुकसान हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार अभी पूरे सप्ताह मौसम का मिजाज ऐसा ही रह सकता है। दरअसल, यह पोस्ट मानसून सीजन की बारिश है। अरब सागर की ओर एक डीप डिप्रेशन बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान मोथा के सक्रिय होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश में नमी आ रही है और बारिश हो रही है।

## 6 साल बाद जापान पहुंचे डोनाल्ड ट्रंप



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप छह साल बाद जापान पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। ट्रंप ने टोक्यो स्थित इंपीरियल पैलेस में जापान के सम्राट नरुहितो से मुलाकात की। ट्रंप की यह दूसरी मुलाकात सम्राट नरुहितो से है — इससे पहले वे 2019 में भी उनसे मिले थे और ऐसा करने वाले पहले विदेशी नेता बने थे। हालांकि जापान में सम्राट का पद केवल सांकेतिक है, फिर भी ट्रंप की इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच मजबूत कूटनीतिक रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। सम्राट से औपचारिक बातचीत के बाद, ट्रंप मंगलवार को जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची से मुलाकात करेंगे। यह बैठक अकासाका पैलेस में होगी, जहां दोनों देशों के बीच शिपबिल्डिंग, निवेश और व्यापार समझौते पर चर्चा होगी।

## भारतीय टीम की खिताबी उम्मीदों को लगा करारा झटका



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय ओपनर प्रतिका रावल मौजूदा आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 से बाहर हो गईं हैं। रावल को रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के आखिरी लीग मैच में फील्डिंग करते समय टखने में चोट लगी थी। नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम पर वर्षाबाधित मैच में बाउंड्री के करीब फील्डिंग करते समय प्रतिका रावल फिसल गईं और दर्द से कहराने लगीं। प्रतिका रावल को मैदान से बाहर ले जाया गया और वो शेष मैच में फील्डिंग करने के लिए नहीं लौटीं, जो कि रद हो गया। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक 25 साल की प्रतिका रावल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनके स्कैन्स हुए। खबर लिखे जाने समय तक जानकारी मिली कि प्रतिका को आधिकारिक रिपोर्ट्स के लिए स्वतंत्र डॉक्टर से मिलना है। भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल मुकाबले से पहले यह करारा झटका है।

# राजस्थान, एमपी, यूपी समेत 12 राज्यों में आज से SIR

### 7 फरवरी तक पूरा होगा; अगले साल चुनाव वाले बंगाल में SIR, लेकिन असम में नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट अपडेट होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि इन राज्यों में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी SIR कल यानी 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा।

103 दिन के प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को बताया कि आज रात से ही इन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट फ्रीज हो जाएगी।

खास बात ये है कि अगले साल चुनाव वाले बंगाल में SIR होगा, लेकिन असम में नहीं होगा। चुनाव आयोग का कहना है कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग है, इसलिए वहां यह प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी।




### SIR क्या है

यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है। जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है। BLO घर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं।

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया, 21 साल पहले किया गया था आखिरी SIR

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि देश में 21 साल पहले आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था। उन्होंने बताया कि SIR में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा और अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाएगा। सीईसी ने आगे कहा कि चुनावों से पहले SIR किया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है।

### राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक

आयोग ने SIR लागू करने की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ हाल ही में दो बैठकें की हैं। कई सीईओ ने अपनी पिछली SIR के बाद जारी की गई वोटर लिस्ट संबंधित राज्यों की वेबसाइट्स पर डाल दी है।दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट है।

### राजस्थान में मंत्रिमंडल फेरबदल के आसार

## मोदी से मिले सीएम; बोले- दिल्ली का दौरा राजस्थान के लिए अच्छा रहता है



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सीएमओ ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया है। वहीं पीएम मोदी से सीएम की मुलाकात के बाद प्रदेश में भी जल्द मंत्रिमंडल फेरबदल होने के कयास तेज हो गए हैं। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं की इस मुलाकात के दौरान मंत्रिमंडल फेरबदल, राजनीतिक नियुक्तियों और सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा हुई है। कुछ दिन पहले गुजरात में अप्रत्याशित रूप से पूरे मंत्रिमंडल का इस्तीफा लेकर नए सिरे से फेरबदल किया गया था। दिल्ली दौरे पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- दिल्ली का दौरा राजस्थान के लिए अच्छा रहता है। हमारी डबल इंजन की सरकार है। राजस्थान के विकास के लिए जो भी आवश्यकता होती है, उसके लिए हम यहां आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार, राजस्थान में हर क्षेत्र में जो आवश्यक हैं, विकास के लिए जो हम सहयोग चाहते हैं। हमारी केंद्र सरकार पूरी तरह से उसमें सहयोग करती है। आज आप देख रहे हैं, राजस्थान के अंदर लगातार विकास के काम हो रहे हैं।

## राजस्थान में 17 आरएएस और 51 तहसीलदारों का तबादला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य सरकार ने 17 आरएएस अफसरों के तबादले किए हैं। सरकार ने शनिवार को भी 67 आरएएस अफसरों के तबादले किए थे। कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव का फिर तबादला कर दिया है। 2 दिन पहले दिनेश शर्मा को कर्मचारी चयन बोर्ड सचिव लगाया था। अब दिनेश शर्मा का तबादला बीज निगम एमडी के पद पर कर उनकी जगह प्रीति माथुर को कर्मचारी बोर्ड सचिव बनाया है। दौसा जिला परिषद सीईओ कैलाश चंद शर्मा का एमडीएस यूनिवर्सिटी अजमेर के रजिस्ट्रार पद पर तबादला किया है। लिस्ट में 5 अफसरों का 2 दिन बाद फिर तबादला किया गया। इससे पहले 25 अक्टूबर को इनका ट्रांसफर हुआ था। उधर, राजस्व मंडल अजमेर ने 51 तहसीलदार और 34 नायब तहसीलदार के ट्रांसफर किए हैं।



थानागाजी एसडीएम पिंकी को एपीओ किया गया है। अलवर एसडीएम के पद पर तैनात ट्रेनी आईएएस माधव भारद्वाज को अलवर के सहायक कलेक्टर का अतिरिक्त कार्य भार दिया गया है।

प्रतिष्ठा पिलानिया को डीएमआईसी उपायुक्त से ग्रामीण विकास विभाग में उपसचिव के पद पर लगाया गया है। दौसा एडीएम बिरदी चंद गंगवाल को दौसा जिला परिषद में सीईओ के पद पर पोस्टिंग दी गई है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के उपायुक्त प्रियव्रत चारण का तबादला जिला रसद अधिकारी ( डीएसओ) जयपुर-फर्स्ट के पद पर किया गया है। लाखेरी एसडीएम अरविंद शर्मा का तबादला दौसा एडीएम के पद पर किया गया है।



## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक, योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को जिलास्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें फ्लैगशिप योजनाओं से सम्बन्धित प्रगति को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

उन्होंने विभागीय योजनाओं के आंकड़े अद्यतन रखने की बात कही, साथ ही निर्देश दिए कि समय-समय पर अधीनस्थ अधिकारियों के स्तर पर योजनाओं की मॉनिटरिंग की जाएं व कोई पात्र न छूटे इस मंशा के साथ कार्य किया जाएं। संपर्क पोर्टल पर जिले में दर्ज प्रकरण, निस्तारित प्रकरणों और औसत निस्तारण समय तथा ब्लॉक वार व अधिकारी वार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। निर्धारित पोर्टल पर सूचनाओं को समयबद्ध रूप से अपलोड करने की बात कही। जिला कलक्टर ने पंच गौरव योजना के तहत प्रचार प्रसार की गतिविधियां करवाने एवं कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ.दिनेश खराड़ी, सियाराम मीणा, राजेन्द्र पुरोहित, वॉटरशेड एसई संजयकुमार दवे, गोविन्द चौधरी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## उदयपुर में मनाया जाएगा श्री राणी सती दादी का जन्मोत्सव, मंगल पाठ होगा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** श्री दादी परिवार की ओर से उदयपुर में दूसरी बार लाड़ो बाई नारायणी श्री राणी सती दादी का 744वां जन्मोत्सव 31 अक्टूबर को भव्य महोत्सव रुप में मनाया जाएगा। दादी परिवार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम सविना स्थित सुहालका भवन में दोपहर 1.15 बजे से दादी इच्छा तक मनाया जाएगा। जिसमें दादी का 51 चुनरी से भव्य महोत्सव किया जाएगा। दादी को रिझाने के लिए जयपुर के प्रसिद्ध अंजू शर्मा एवं शरद कुमार द्वारा मंगल पाठ किया जाएगा। विशेष आकर्षण में भव्य झांकी ,गजरा उत्सव, लाडो जन्म, दादी की हल्दी व मेहंदी, बारात स्वागत एंव 56 भोग रखा गया है। मंगल के दौरान बधाई एवं सुहाग पोटली वितरित की जाए।

## राजकीय महाविद्यालय भवन का किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** कालन्द्री में नवनिर्मित संघवी हीराचंद फूलचंद राजकीय महाविद्यालय भवन का सोमवार को लोकार्पण किया गया।



इस दौरान भामाशाह परिवार के एलके संघवी ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन किया। वहीं, पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने भामाशाह परिवार के कार्यों की सराहना करते हुए आभार ज्ञापित किया। इस दौरान भामाशाह परिवार ने कॉलेज प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को सम्बंधित दस्तावेज सुपुर्द किए। इस दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम, पूर्व विधायक तारा भंडारी, संयम लोढ़ा आदि मौजूद रहे।

## राशन दुकानों के लिए साक्षात्कार आज से

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** जिले की रिक्त एवं नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के लिए साक्षात्कार 28 अक्टूबर से ब्लॉकवार लिए जाएंगे।

जिला रसद अधिकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 11 बजे सिरोही ग्रामीण के लिए, 02.30 बजे शिवगंज ग्रामीण के लिए, 29 अक्टूबर को 11 बजे पिण्डवाड़ा ग्रामीण के लिए, 30 अक्टूबर को 11 बजे आबूरोड ग्रामीण के लिए व 31 अक्टूबर को 11 बजे रेवदर के लिए जिला रसद कार्यालय में साक्षात्कार किए जाएंगे।

## जिला संगठन मंत्री बनीं गायत्री गुप्ता, शिक्षकों ने किया गर्मजोशी से स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला ब्यावर में गायत्री गुप्ता को जिला महिला संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किए जाने पर आज उनका अभिनंदन एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया प्रधानाचार्य कोटड़ा राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि संगठन ने ब्यावर जिले के महिला संगठन मंत्री पद पर गायत्री गुप्ता को नियुक्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने उनका स्वागत करते हुए हार्दिक बधाई दी।प्रजापति ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) प्रदेश का सबसे बड़ा शिक्षक संगठन है। गायत्री गुप्ता के पदभार ग्रहण से ब्यावर जिले में महिला शिक्षकों की भागीदारी और संगठन की सक्रियता में वृद्धि होगी। उन्होंने नवनियुक्त मंत्री से संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया इस मौके पर उप प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, संगठन मंत्री हेमराज, मोना काठात, भेरूलाल बुनकर सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे ।

## विधायक राठौड़ की संवेदनशील पहल से मृतक निर्माण श्रमिक के परिजन को प्रदत्त त्वरित आर्थिक संबल

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** जिले की आमेट पंचायत समिति के ग्राम बादल, पंचायत जिलोला निवासी स्वर्गीया सोहनी देवी पत्नी श्री वरदू बैरवा, जो पंजीकृत निर्माण श्रमिक के रूप में श्रमजीवी वर्ग से सम्बद्ध थीं, का आकस्मिक निधन हो गया। यह घटना उनके आश्रित परिवार के लिए विषम आर्थिक परिस्थिति का द्योतक बनकर उपस्थित हुई।इस दुखद प्रकरण के संज्ञान में आते ही कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने अपनी जनसेवा परायणता तथा संवेदनशील दृष्टिकोण का परिचय देते हुए क्षेत्रीय कार्यकर्ता तुलसीराम पूर्बिया को निर्देशित किया कि मृतक श्रमिक के वारिस को श्रम विभाग की हिताधिकारी की सामान्य मृत्यु पर सहायता योजना के अंतर्गत अनुग्रह राशि स्वीकृत कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने श्रम कल्याण अधिकारी श्री उमेश राईका को भी त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई हेतु निर्देश प्रदान किए।

# इस मार्ग पर फेल हो रहे सरकार के डबल व ट्रिपल इंजन

◆दुखदायी साबित हो रहा टूटे-फूटे मार्ग पर वाहनों का संचालन ◆केंद्र व राज्य और जिला परिषद में भी भाजपा पर सुविधा शून्य

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** रेवदर-मंडार राज्यमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अधीन कर देने के बाद जनता को टोल की समस्या से निजात मिल गई, लेकिन टूटे-फूटे मार्ग पर वाहनों का संचालन दुखदायी हो रहा है।



सरकार की उपलब्धियों का श्रेय लेने के लिए भाजपा प्रतिनिधि डबल इंजन की बात कहते नहीं थकते, लेकिन यहां डबल नहीं ट्रिपल इंजन लगे हुए हैं। केंद्र व राज्य से लेकर जिला परिषद में भी भाजपा ही सत्तासीन है। इसके बावजूद इस मार्ग की मरम्मत और पुनर्निर्माण के मामले में सुविधा शून्य ही है। हालात देखकर तो यही लगता है कि इस मार्ग पर आते ही सभी इंजन फेल हो जाते है।

**हैंडओवर से पहले बनानी थी नई सडक़ :** उल्लेखनीय है कि टोल वसूलने वाली कंपनी को यह मार्ग वापस बनाकर विभाग को देना था। बीओटी के तहत निर्मित इस सडक़ पर टोल कंपनी ने मनमर्जी से वसूली की।

समयावधि खत्म हो जाने के बाद भी कई महीनों तक नियमों की आड़ लेते हुए कंपनी अपना ठेका बढ़वाती रही। मार्ग हैंडओवर होने से पहले नियमों के तहत नई सडक़ बनानी चाहिए थी।

**श्रेय लिया मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया :** टोल कंपनी का ठेका बंद होते ही इस मार्ग को एनएच के अधीन कर दिया गया। एनएच की ओर से मरम्मत के लिए तत्काल ही पांच करोड़ का बजट स्वीकृत भी हुआ, लेकिन सालभर बाद भी न तो इसकी मरम्मत हुई और न सुविधा मिल पाई। टोल बंद हो जाने के मामले में जब जनप्रतिनिधियों ने जमकर श्रेय लिया था तब इसकी मरम्मत पर भी ध्यान देना चाहिए था।

**कहने व करने में अंतर साफ नजर आता है :** उधर, इस मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी बात तक करने से कतरा रहे हैं। एनएच के पाली खंड अधिकारी राहुलसिंह तो इस मामले में जवाब देना तो दूर फोन तक रिसीव नहीं करते। वहीं, एईएन सलोनी पारीक ने केवल इतना बताया कि हम पेचवर्क कर चुके हैं, लेकिन सडक़ की स्थिति देखी जाए तो इनके कहने व करने में अंतर साफ नजर आता है।



पांच करोड़ में केवल पेचवर्क और वह आधे-अधूरे

◆राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीन गए मंडार-रेवदर मार्ग बदहाल ◆सालभर बाद भी नहीं हो पाई सत्तर किमी मार्ग की मरम्मत

बढ़ता राजस्थान

सिरोही (जीतेश रावल)। रेवदर-मंडार राज्यमार्ग अब राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीन है। इसकी टूट-फूट दुरुस्त करने के लिए सालभर पहले पांच करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे, लेकिन अभी तक न तो मरम्मत हो पाई और न वाहन चालकों को राहत मिली। महज सत्तर किमी दूरी के इस मार्ग की मरम्मत को पांच करोड़ रुपए का बजट मिला, लेकिन अभी तक पेचवर्क ही हो पाया है और वह भी आधा-अधूरा। यहां तक कि बदहाल पड़े इस मार्ग की दुरुस्ती तो दूर अधिकारी इस मामले में बात करने से भी कतरा रहे हैं। आखिर ऐसा क्यों है यह कहना मुश्किल है।

मरम्मत नहीं हुई इसलिए प्रदर्शन किया

सालभर पहले इसे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अधीन दिया गया था। इसके बाद इस पर मरम्मत के लिए बजट स्वीकृत किया गया। लेकिन, सालभर बाद भी मरम्मत के लिए आया बजट कहीं उपयोग होता नहीं दिख रहा। लिहाजा रेवदर व मंडार कस्बों में लोग प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

जान-माल का नुकसान झेलने की मजबूरी

सिरोही से लेकर अनादरा-रेवदर व मंडार तक का यह पूरा मार्ग आज भी बदहाल ही है। गड्ढे तो गड्ढे कई जगह सड़क पर डामर की लेयर भी साइड में आ चुकी है। सड़क के किनारे उभरे होने से वाहनों को नीचे उतारने व ऊपर चढ़ाने के दौरान ही हादसों का शिकार होना पड़ रहा है।

एनएच के अधीन जाने के बाद भी यदि सड़क पर चल रहे वाहन चालक हादसों में जान-माल का नुकसान झेल रहे हैं तो इसे विडम्बना ही कहा जाएगा।

आखिर कहां गायब हुए सड़क मरम्मत को मिले पांच करोड़!

करोड़ों की राशि और कोई हलचल नहीं

केंद्रीय परिवहन और हाईवे मंत्रालय ने सड़क सुधार और डीपीआर तैयार करने के लिए कुल 5.87 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे। इसमें से 1.91 करोड़ रुपए डीपीआर निर्माण व 4.96 करोड़ रुपए सड़क मरम्मत के लिए आवंटित किए गए। डीपीआर इस सड़क को फोरलेन में तब्दील करने के लिए बनाई जानी है, लेकिन सालभर बाद भी कोई हलचल नहीं दिख रही।

बात करने से क्यों कतरा रहे हैं अधिकारी

इस सम्बंध में एनएच पाली खंड के अधिकारी राहुलसिंह से बातचीत करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं एईएन सलोनी पारीक ने फोन रिसीव तो किया, लेकिन परिचय पूछने के बाद केवल एक लाइन में जवाब देकर तत्काल ही फोन काट दिया। इसके बाद उन्होंने भी कॉल रिसीव नहीं किया। आखिर यह बात समझ से परे है कि मरम्मत के मुद्दे पर अधिकारी बात करने से क्यों कतरा रहे हैं।

आखिर सालभर कहां अटका रहा बजट

एनएच की सहायक अभियंता सलोनी पारीक ने बताया कि रेवदर व मंडार में पेचवर्क करवाए हैं। दीपावली से प्लांट बंद होने के कारण काम रुक गया है। इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया। मरम्मत के लिए आए सालभर पहले आया बजट अभी तक कहां अटका रहा और महज रेवदर व मंडार में ही पेचवर्क क्यों हुआ या पूरी सड़क की मरम्मत कब तक हो जाएगी जैसे सवालों का शायद उनके पास कोई जवाब नहीं था।

### डीग में 12 नवंबर को आयोजित किया जाएगा जिला युवा महोत्सव

# जिला कलेक्टर ने युवा महोत्सव की तैयारी को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)** । पंचायत समिति के सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल द्वारा आगामी जिला युवा महोत्सव - 2025 और विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के सफल आयोजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



बैठक में जिला युवा महोत्सव - 2025 के आयोजन की तिथि 12 नवंबर, 2025 निर्धारित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) ने बताया कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न विधाओं में प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। युवा महोत्सव में लोक गायन एवं लोक नृत्य (एकल एवं सामूहिक),भाषण प्रतियोगिता,चित्रकला एवं हस्तकला प्रतियोगिता,कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता,फोटोग्राफी, माढन्ना एवं अन्य सामूहिक प्रस्तुतियां आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जावेगी।

जिला कलेक्टर कौशल ने बैठक में निर्देश दिए कि 12 नवंबर को होने वाले इस आयोजन के लिए सभी शिक्षण संस्थान अपने स्तर पर छात्रों को सूचित करें। इच्छुक प्रतिभागी राजस्थान युवा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।जिला कलेक्टर कौशल ने विकसित भारत चैलेंज ट्रैक को युवाओं के लिए एक अभूतपूर्व पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह चैलेंज युवाओं को कृषि, कौशल विकास, शासन, और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने मौलिक विचार साझा करने के लिए आमंत्रित करता है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं के ज्ञान, रचनात्मकता और विचारों को नीति-निर्माताओं तक पहुंचाना है। 'विकसित भारत चैलेंज' के तहत नशा मुक्त युवा, जल संरक्षण, और जलवायु-परिवर्तन में युवा जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से इस चैलेंज में भी जिले के युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## पिंडवाडा मार्ग पर ब्लेक स्पॉट निवारण के लिए तैयार प्रोजेक्ट ग्रामीणों के सुझाव पर रीडिजाइन होगाः सांसद डॉ रावत



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सांसद डॉ मन्नालाल रावत के प्रयासों के बाद उदयपुर-पिंडवाडा मार्ग पर ब्लेक स्पॉट निवारण के लिए शुरु हुए प्रोजेक्ट में गोगुंदा क्षेत्र के जगलिया महुडी में पुलिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों की आपत्ति के बाद इस प्रोजेक्ट को रीडिजाइन किया जाएगा। नए प्रोजेक्ट में ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं नितिन गडक़री के मार्गदर्शन एवं सांसद उदयपुर डॉ. मन्ना लाल के प्रयासों से उदयपुर पिण्डवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सडक़ दुर्घटनाओं को कम करने हेतु ब्लेक स्पॉट निवारण के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं, जिस पर काम भी प्रारम्भ हो चुका है।

इस प्रोजेक्ट में गोगुन्दा के जगलिया महुडी में पुलिया निर्माण के कारण ग्रामीणों को और ज्यादा परेशानी होने की बात सामने आई। ग्रामीणों ने सांसद डॉ रावत को बताया कि पुलिया निर्माण के कारण इस गांव की गोगुंदा से कनेक्टिविटी खत्म हो जाएगी और आने-जाने में कठिनाई पैदा होगी। साथ ही गोगुंदा गांव की सबसे बडी मेघवालों की बस्ती व खटीकों का मोहल्ला में पानी भरने की समस्या पैदा हो जाएगी। ब्लैक स्पॉट करेक्शन के लिए पुलिया निर्माण, सर्विस रोड़ सुधार संबंधी कार्य से स्थानीय लोगों के रोजगार एवं आवागमन में आ रही समस्याओं को देखते हुए सांसद डॉ रावत ने निदान के सम्बन्ध में सोमवार को परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण उदयपुर के साथ बैठक की एवं समस्या के त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में चर्चा की।

## आमेट में आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण

बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए काढ़ा पिलाया, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** आमेट उपखण्ड में महावीर इंटरनेशनल मैत्री वीरा और कंचन सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया। यह कार्यक्रम मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आयोजित किया गया।




वीर संस्था के मीडिया प्रभारी पवन कच्छारा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बदलते मौसम में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना और उन्हें बीमारियों से सुरक्षित रखना है।उन्होंने बताया कि इसके सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, सर्दी-जुकाम से बचाव, पाचन शक्ति में सुधार और तनाव व थकान से राहत मिलती है। इस अवसर पर मैत्री वीरा के सदस्यों ने बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपायों के बारे में भी जानकारी दी।कार्यक्रम में मैत्री वीरा की अध्यक्ष मनीषा छाजेड़, मंत्री मनीषा डांगी, कोषाध्यक्ष रेखा खाब्या, कमला रानी भरसारिया, संगीता चंडालिया, अंजू कोठारी, निर्मला कोठारी, सुमित्रा चोरडिया, मंजू हिरण उपस्थित रहीं। इनके साथ तुलसी अमृत विद्यापीठ के अध्यक्ष मनसुख लाल बंम्ब, कंचन सेवा संस्था से लोकपाल सिसोदिया, पवन कच्छारा मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग का विशेष अभियान,अवैध मदिरा सीज, हजारों लीटर वॉश नष्ट

आबकारी निरोधक टीमों की विभिन्न जिलों में कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत प्रदेश में विभिन्न जिलों में कार्यवाही कर अभियोग दर्ज किए गए।



आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा मुस्तैदी से प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत श्रीगंगानगर जिले के हिन्दुमलकोट क्षेत्र गंगनहर के आसपास के गांवां में दबिश व गश्त की कार्रवाई करते हुए 5500 लीटर उत्तेजित लाहण व 6 कच्ची भट्टी को नष्ट किया गया। हनुमानगढ जिले में सिरसा बायपास रोड़ भादरा में नाकाबंदी कर वाहनों की सघन तलाशी ली गई। नोहर क्षेत्र में 3 प्रकरण दर्ज किए गए। पाली में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में 6 प्रकरण दर्ज करते हुए अवैध मदिरा सीज की गई। क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सघन जांच की गई।

आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में विशेष निरोधात्मक अभियान के नाकाबंदी, दबिश एवं सघन गश्त की जा रही है। समस्त आबकारी निरोधक दल द्वारा जीरो टोलरेंस की नीति के तहत अवैध मदिरा पर कार्यवाही की जा रही है।

### पंचायत समिति के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

# सभी अधिकारी बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के कार्य में तेजी लाए -उत्सव कौशल

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)** । डीग पंचायत समिति के सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बजट घोषणाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को सभी विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि सांवई खेड़ा कार्य के तहत वर्तमान में 65 एचपी मोटर से डिप्रेशन से पानी अपलिफ्ट किया जा रहा है। परियोजना के लिए 75-75 एचपी के दो नए पंपों का ऑर्डर दिया जा चुका है और 400 मीटर पाइपलाइन बिछा दी गई है। जिस पर जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नए पंपों की स्थापना होते ही परियोजना को 100त्न क्षमता पर संचालित किया जाए।



विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों ने बताया कि 33 केवी जीएसएस जयश्री और सिरथला का कार्य अब जल्द ही चालू हो जाएगा। वहीं, 33 केवी जीएसएस रसिया और सेमली अंजारी डांगिका का कार्य भी प्रगति पर है, जिसे मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

जिला कलेक्टर कौशल ने परिवहन कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कुम्हेर हवाई पट्टी के कार्य में तेजी लाने और संबंधित अनुमतियों की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बहुप्रतीक्षित डीग बाईपास के संबंध में अधिकारियों ने अवगत कराया कि इसके सिविल कार्य के लिए निविदा जारी कर दी गई है।

जिला कलेक्टर कौशल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बजट घोषणाओं से जुड़े प्रत्येक कार्य की नियमित निगरानी करें और किसी भी स्तर पर बाधा आने पर तुरंत सूचित करें।ताकि उनका समय पर समाधान किया जा सके।

# आमली स्कूल में 3 कमरों व राजमहल में बस स्टैंड का होगा निर्माण

## विधायक राजेंद्र गुर्जर की अनुशंसा पर विधायक मद से कार्य हुए स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** आमली राउमावि में 3 कमरों का मय बरामदा निर्माण किया जाएगा इसके लिए 15 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं।वहीं राजमहल में 5 लाख रुपए की लागत से बस स्टैंड का निर्माण कराया जाएगा। देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर की अनुशंसा पर स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत 12 कार्यों के लिए 58 लाख रुपए की ज़िला परिषद द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति जारी की हैं। इसके साथ ही ककोड़ में घाटी भैरूजी महाराज की बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 3 लाख रुपएए बिलोता के खेड़ली में पंच हथाई 10 लाख, चौरू बरवाड़ा रोड़ पर मौलवीनगर स्कूल से दूधी सागर भेरूजी के रास्तें की ओर ग्रेवल सडक़ निर्माण कार्य 1लाखए महात्मा गांधी स्कूल घाड़ में जिम्नास्टिक उपकरण खरीदने के लिए 5 लाख, घाड़ में कुण्ड बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य 3 लाख रुपए, बडौली में बंजारा ढाणी से बिजासन माताजी तक ग्रेवल सडक़ निर्माण 1 लाख, डाबरकलां व कल्याणपुरा में नवीन श्मशान घाट निर्माण कार्य के लिए 3.3 लाख रुपए, पीएम श्री स्कूल देवली की खिलाड़ी राधिका मीणा के लिए खेल तैयारी के एयर पिस्टलएराइफल क्रय के लिए 2 लाख तथा गांवड़ी के कल्याणपुरा खेड़ा में डोम निर्माण कार्य 7 लाख रुपए की स्वीकृति जारी हुई हैं। अब जल्द ही इन स्थानों पर विकास कार्य शुरू होंगे। ग्रामीणों ने इन कार्यों की विधायक मद से स्वीकृति जारी करने पर विधायक राजेंद्र गुर्जर का आभार जताया हैं।

## अन्नकूट महोत्सव का हुआ आयोजन

# सबसे बड़ा धर्म और पुण्य गौ माता की सेवा करनाः जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा )।** कस्बे में संचालित श्री गणेश गौशाला में रविवार को अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में समिति संरक्षक जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके आतिथ्य में विधिवत गौ पूजन किया गया।इस मौके पर मंत्री चौधरी ने आमजन को गौ माता की सुरक्षा और संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश और राज्य में गौ माता की सुरक्षा नहीं होने से अकाल मौत की शिकार हो रही है। उन्होंने सभी गौ सेवकों और आमजन से अपील करते हुए कहा कि गौ सेवा को दैनिक दिनचर्या में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने सबसे बड़ा धर्म और पुण्य गौ माता की सेवा करना बताया है। इस अवसर पर मंत्री चौधरी ने गौशाला और शमशान घाट के विकास कार्यों पर संबंधित पदाधिकारीयों से चर्चा की और कहां की गौशाला को आधुनिक हेरिटेज सुविधाओं से सुसज्जित एवं विकसित किया जाएगा।कार्यक्रम में भगवान के खीचडा, मालपुआ,रामभाजा का भोग लगा कर तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष संत कुमार जैन, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष सुनील भारत, आत्माराम गुरजी, एडीईओ सीताराम साहू, सत्यनारायण भारद्वाज दादा, गौशाला सदस्य दिनेश कुमार चौबे, बुद्धि प्रकाश शर्मा,आलोक शर्मा,हरलाल गुर्जर, करुणानिधि शर्मा, प्रेम प्रकाश उपाध्याय,संग्राम सिंह यादव, प्रहलाद चावला, ओमप्रकाश चौबे,विष्णु स्वामी सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।

# विजयवर्गीय समाज का महिला मण्डल का दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी) ।** शहर के विकास विहार कालोनी में विजयवर्गीय समाज की महिला मण्डल ने दिपावली स्नेह मिलन का आयोजन अध्यक्ष सुमन विजयवर्गीय पटवारी ने महिला समाज की सभी महिलाओं को तिलक लगाकर, मालाऐ पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथि गरिमा विजयवर्गीय दिल्ली रही। सर्वप्रथम खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें चूड़ी कार्यक्रम में प्रथम रचना विजयवर्गीय, द्वितिय तारेस विजयवर्गीय बिनजारी, गेम-पीलो पासीम में प्रथम अन्जू विजयवर्गीय, द्वितिय सरिता विजय, गेम-हाउजी में प्रथम ज्योती, द्वितिय नीलम सोरण, हेयर स्टाईल-प्रथम मन्जू गांधी आदि रही। तत्पश्चात दिपावली के उत्सव पर सभी महिलाओं द्वारा कान्हा के भजनों पर मनमोहक नृत्य किया गया। जिस कार्यक्रम में सुमन विजयवर्गीय पटवारी अध्यक्ष विजयवर्गीय समाज महिला मण्डल टोंक एवं अतिथि गरिमा विजयवर्गीय दिल्ली ने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा सोनवा, कविता पीपलू, ममता लवादर, सुनिता बम्बोर, लक्ष्मी घी वाले, अनिता, रिंकी, मोनिका पीपलू, अन्नू पीपलू, सीता एवं रितू अरविन्द विजय आदि ने भाग लिया।

# सवाई माधोपुर में 14 दिसम्बर को पंचम निःशुल्क अंतरराष्ट्रीय सनातन धर्म एवं ज्योतिष महासम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर में 14 दिसंबर को पंचम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सनातन धर्म एवं ज्योतिष महासम्मेलन आयोजित होगा! मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान, शास्त्री नगर, सवाई माधोपुर के अध्यक्ष पंडित ताराचन्द्र शास्त्री ने बताया कि ज्योतिष के इस महाकुंभ में विद्वानों को उनके कार्य के अनुरूप प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा! इसके अंतर्गत छह अवार्ड उन ज्योतिष एवं वास्तु संबंधित संस्थाओं के लिए जो भारत में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्हें श्री त्रिनेत्र गणपति तंत्र क्रिया (साधक) सम्मान, सप्तऋषि सम्मान , लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड ) महर्षि वराह मिहिर सम्मान, मां कामाख्या ज्योतिष सम्मान ब्राह्मण रत्न दिया जाएगा। शास्त्री ने बताया कि ऐसी संस्थाओं को हमारी संस्था सनातन गौरव अवॉर्ड से सम्मानित करेगी।इसके लिए कम से कम 15 वर्ष का अनुभव आवश्यक होगा। ज्योतिष के इस महासम्मेलन में देश-विदेश से पधारने वाले लगभग 300 विद्वानों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया जाएगा। आप अपना अथवा अपनी संस्था का पूरा बायोडाटा और अपना पासपोर्ट साइज का फोटो नीचे दिए हुए नंबर पर शीघ्र भेजें। केवल पंजीकृत विद्वानों को संस्था की तरफ से शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

# ‘पन्नाधाय बाल गोपाल योजना’: सरकारी स्कूलों में दूध बिगाड़ रहा स्वाद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** दूध को पूर्ण आहार कहा जाता है ये ताकत, ऊर्जा और पोषण का प्रतीक है इसी सोच से सरकार ने भी तय किया कि हर सरकारी स्कूल का बच्चा रोजाना दूध पीएगा, ताकि कोई कुपोषित ना रहे हालांकि, जमीनी हकीकत थोड़ी अलग है स्कूलों में जब बच्चों के गिलास में पाउडर से बना दूध आता है तो चेहरों पर पोषण से ज्यादा बेस्वादी का भाव नजर आता है बच्चे दूध के फायदों से नहीं, बल्कि शिक्षक के आदेश से इसे पीने को मजबूर हैं।




**स्कूलों में पिलाया जा रहा दूध :** राज्य सरकार की ‘पन्नाधाय बाल गोपाल योजना’ के तहत सरकारी स्कूलों में बच्चों को दूध पिलाने की व्यवस्था की गई है मंशा छात्रों को पोषण दिलाना और कुपोषण से बचाना है कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को यह दूध उपलब्ध कराया जाता है कक्षा 1 से 5 तक 15 ग्राम पाउडर से 150 एमएल दूध और कक्षा 6 से 8 तक 20 ग्राम पाउडर से 200 एमएल दूध छात्रों को वितरित किया जाता है।

**पावडर के दूध पर किसने क्या कहा :** एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते दूध पिलाने के दिए पन्नाधाय बल गोपाल योजना के तहत पाउडर का दूध पिलाया जाता है हालांकि, छात्रों को पाउडर वाला दूध रास नहीं आता कुछ छात्र दूध पीते नहीं और कुछ मन मार कर पीते हैं उन्होंने सुझाव दिया कि दूध के स्थान पर सुबह अल्पाहार में पौष्टिक मिलेट्स छात्रों को उपलब्ध कराए जा सकते हैं इसके अलावा फ्लेवर्ड मिल्क भी ऑप्शन है!

**छात्रों का रेस्पॉन्स**

**स्वाद अजीब लगता है**

**गंध अच्छी नहीं**

**जबरन पीना पड़ता है**

**घर से गाय का दूध पीकर आते हैं।**

**दूध ही अच्छा नहीं लगता।**

### मिड डे मील में पौष्टिक आहार

प्रिंसिपल ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय रसोई में ही मिड डे मील बनता है शहरों में अक्षय पात्र जैसी सामाजिक संस्थाओं से भोजन आता है ये भोजन रुचिकर और स्वादिष्ट होता है बच्चों के लिए तेज मसालेदार और ज्यादा तेल में बना खाना हानिकारक होता है इसलिए यहां पौष्टिक खाना आता है प्रत्येक दिन का अलग मेन्यू तय है भोजन साफ सुथरा पात्रों में उपलब्ध कराया जाता है

**मिड डे मील मेन्यू :** दलिया, छोले/मटर की सब्जी दाल-चावल हरी सब्जी केला रोटी , सप्ताह में एक दिन मिठाई

### सरकार कर रही समीक्षा

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का कहना है कि ये अध्ययन किया जा रहा है कि दूध से ज्यादा पोषण देने वाले विकल्प क्या हो सकते हैं यदि कोई अन्य पौष्टिक विकल्प उपलब्ध है तो उसी राशि में उसे लागू किया जा सकता है या नहीं इन सभी पहलुओं पर मंथन चल रहा है जल्द बच्चों के हित में उचित निर्णय लिया जाएगा।

# विजयवर्गीय वैश्य महासभा स्थानीय शाखा टोंक की कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन

## 21 दिसम्बर को गोठ का आयोजन किया जायेगा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी) ।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा स्थानीय शाखा टोंक की कार्यकारिणी की मीटिंग महासभा भवन में रमेश विजयवर्गीय मुल्तानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महामंत्री राजेंद्र विजय डारडा एवं मीडिया प्रभारी पत्रकार अनिल विजयवर्गीय ने बताया कि सामूहिक गोठ का आयोजन 21 दिसंबर रविवार 2025 को किया जायेगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखित उपलब्धि प्राप्त करने वाली उन प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने राज्य स्तर पर उपलब्धि हासिल की हो या सहभागिता की हो। राज्य स्तरीय सम्मान, पुरस्कार या अन्य गतिविधि में समाज का नाम रोशन किया हो। सत्र 2023-24 एवं 2024-25 बोर्ड परीक्षा परिणाम में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। 5 जनवरी 2023 से अब तक राजकीय सेवा में चयनित होने वाले युवक-युवतियों का सम्मान भी किया जाएगा। मीटिंग में मंत्री नवल किशोर विजयवर्गीय, पूर्व अध्यक्ष हेमराज सांखना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशन रानोली, उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद डोडवाड़ी, कोषाध्यक्ष रामगोपाल मांदोलाई, पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद घी वाले, मुकेश ढिकोलिया, निर्मल मेहंदवास, चंद्र प्रकाश एवं ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

## मामला ग्राम पंचायत बनेठा का, प्रशासन के दावे खोखले

# बनेठा में श्मशान में टीनशेड न होने पर बरसात मे किया अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा/टोंक(आनद गौतम)।** बनेठा उप तहसील मुख्यालय पर प्रजापति श्मशान में नहीं हे कोई व्यवस्था करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां मृतकों के लिए अंतिम संस्कार के लिए श्मशान तक नही हैं या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया हैं। जहां बनेठा गांव में प्रजापत श्मशान में लोगों को अंतिम संस्कार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के श्मशान घाट में गांव वालों ने बड़ी मुश्किल से बारिश में अंतिम संस्कार करना पड़ा। अंतिम संस्कार की ये तस्वीरें शर्मिंदा करने वाली और इंसानियत को शर्मसार करने वाली हैं। श्मशान घाट में मूलभूत सुविधाओं तक का अभाव दिखाई दे रहा है जिस जगह पर अंतिम संस्कार होता है। वहां शेड तक की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसकी वजह से बारिश के दौरान लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। श्मशान घाट में शव को रखने के लिए जगह नहीं मिली और ना ही मुक्तिधाम पर टीनशेड था। ऐसी स्थिति में बनेठा गांव के नाथु लाल कुम्हार (75) की मृत्यु हो गई। बढ़ी मुश्किल से परिजन ने शव का अंतिम संस्कार किया। लोगों ने बरसते पानी के बीच अंतिम संस्कार किया प्रजापत श्मशान में पानी, बिजली तक की व्यवस्था नही , व बैठने के लिए कुर्सियों की सुविधाएं तो दूर, यहां शव दाह के लिए टीन शेड ही नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में ग्रामीणों को बारिश के इन दिनों में शव दाह के लिए ऐसे में बरसते पानी में अंतिम संस्कार करना पड़ता है।



# अंतरराष्ट्रीय कला पर्व क्रेयान्स का भव्य आयोजन 7 नवम्बर से

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी) ।** अंतरंग एजुकेशन एवं वेलफेयर सोसाइटी टोंक के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 7 नवंबर से 9 नवंबर तक 19वें अंतरराष्ट्रीय कला पर्व क्रेयान्स का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के लगभग 500 से अधिक कलाकार भाग लेंगे तथा चित्रकला, मूर्तिकला आदि का प्रदर्शन करेंगे। कलापर्व प्रवक्ता एवं बाल कला उत्सव के सहायक समन्वयक शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम कि इस ही श्रृंखला में टोंक जिले के नन्हे बाल कलाकारों को कला के लिये प्रोत्साहित करने हेतु 05 नवम्बर को दोपहर 12.30 बजे से अभिज्ञान महाविद्यालय टोंक में बाल कला उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। बाल कला उत्सव की जिला समन्वयक श्रीमती शाइस्ता खान ने बताया कि बाल कला उत्सव में टोंक जिले के सभी निजी व राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु छात्र-छात्राओं के दो समूह बनाए गए हैं, प्रथम समूह में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी एवं द्वितीय समूह में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के सहायक समन्वयक शेख यावर हबीब ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र.छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा तथा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

# स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों में हो बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं का विस्तार-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा, सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण सहित आवश्यक सेवाओं, बिजली, पानी, सडक़, शिक्षा, चिकित्सा विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बैठक में बजट घोषणा-2025-26 की विभागवार प्रगति समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग, वन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर कड़ी निगरानी रखने और मिलावट खोरों के फूड लाईसेंस निरस्त कर उचित कार्रवाही सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को दिए। इसके साथ ही उन्होंने बजट घोषणा के अन्तर्गत चकचैनपुरा हवाई पट्टी का विस्तारीकरण कार्य हेतु अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए केन्द्र की स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर सवाई माधोपुर के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं का विस्तार कर नागरिकों के जीवन को बेहतर और खुशहाल बनाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियिम के तहत लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण कर पेडेन्सी शून्य करने, मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों की कड़ाई से पालना करने, जिला स्तरीय जनसुनवाई के सहित अन्य जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर यथा संभव मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, सहायक निदेशक लोक सेवाएं डॉ. डिम्पल गुर्जर, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीना, संयुक्त निदेशक डीओआईटी पंकज मीना, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल, जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुस्साहसः आरएएस में पास हुए अभ्यर्थियों की जातिवार लिस्ट सोशल मीडिया पर डाली,आरपीएससी ने दर्ज करवाया मुकदमा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** समाजकंटकों के दुस्साहस की ऐसी बात सामने आई है कि आरपीएससी भी अचंभित हो गई है। इसके चलते सोशल मीडिया पर एक बार फिर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। कुछ समाजकंटक तत्वों द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग के नाम से आरएएस भर्ती-2023 के परिणाम में जातिवार चयनित अभ्यर्थियों की संख्या दर्शाते हुए एक फर्जी पोस्ट प्रसारित की गई। इस जाली पोस्ट में आयोग सचिव के अधिकृत हस्ताक्षर भी दर्शाए गए, जिससे यह असली प्रतीत हो रही थी। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने तत्काल स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि आयोग ने कभी भी किसी भर्ती परीक्षा के परिणाम में जातिवार आंकड़े जारी नहीं किए हैं! उन्होंने इसे पूर्णतः भ्रामक और जाली पोस्ट बताते हुए संबंधित व्यक्तियों को चेतावनी दी कि वे इसे तुरंत हटा लें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।




### आरपीएससी सचिव बनकर फर्जी पोस्ट डालने पर एफआईआर दर्ज

आयोग की चेतावनी के बावजूद जब फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रसारित होती रही, तो आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता ने सिविल लाइंस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके नाम से कूटरचित दस्तावेज जारी कर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिससे आयोग की विश्वसनीयता और साख को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया. उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग द्वारा ऐसा कोई दस्तावेज जारी नहीं किया गया है और यह पोस्ट पूरी तरह मनगढ़ंत और फर्जी है।

### एफआईआर दर्ज, एएसआई चाँद सिंह को मिली जांच की जिम्मेदारी

सिविल लाइंस थाना पुलिस ने एफआईआर संख्या 0301 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शंभू सिंह ने बताया कि यह एक गंभीर साइबर अपराध है और इसकी गहन जांच के आदेश दिए गए हैं। मामले की जांच का जिम्मा एएसआई चाँद सिंह को सौंपा गया है, जो तकनीकी माध्यमों से पोस्ट के स्रोत और आरोपी की पहचान में जुटे हैं।

# सभी विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति में सुधार कर रखें समुचित साफ-सफाई-सीईओ

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर,(राजू शर्मा)। बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने कार्यो का निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति में सुधार करने तथा साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मरीजों का स्पूटम टेस्ट करवाने के साथ अधिकाधिक लोगों को प्रेरित कर निक्षय मित्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद



आयुक्त को मचकुण्ड सरोवर की साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल, 181, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के नियमित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण सेवा शिविर अभियान की समीक्षा

उन्होंने ग्रामीण सेवा शिविर के तहत पत्थरगढ़ी व सीमाज्ञान प्रकरणों के निस्तारण, नामांतरण के लंबित मामलों का निपटारा, रास्तों से जुड़ी समस्याओं का समाधान, विरासत का बंटवारे के प्रकरणों के बारे में जानकारी लेकर शीघ्र एवं अधिकतम निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने सामाजिक सुरक्षा विभाग को पेंशन सत्यापन, नए आवेदन एवं दिव्यांगों को डिजिटल विशिष्ट पहचान प्रमाण पत्र बनवाए जाने में सहायता करने के निर्देश दिए। फसल बीमा योजना एवं मंगला पशु बीमा योजना की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएफएसए के लंबित प्रकरणों के निस्तारण, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने मृदा नमूना संग्रहण व मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, बीपीएल परिवारों का सर्वे, मंगला पशु बीमा में रजिस्टर्ड पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, लंबित नल कनेक्शनों का समाधान, पशुओं के टीकाकरण व उपचार, आयुष्मान कार्ड वितरण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने किया तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0 का शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के अंतर्गत शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन से न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है,बल्कि यह समाज और परिवार पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देनी होगी। उन्होंने सभी विभागों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ, रैलियाँ एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाये जाने है। उन्होंने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 की 60 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत जिले में तम्बाकू निषेध गतिविधियों के साथ ही जन जागरूकता कैम्पेन आदि गतिविधियो का आयोजन किया जाना है, साथ ही अभियान में कोटपा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंधित स्थानो पर तम्बाकू उत्पादों के विक्रय व सेवन पर रोक लगाने के लिए अधिक से अधिक चालान कार्यवाही की जानी है। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (एनटीसीपी) नीरजा कुंतल, सामाजिक कार्यकर्ता पुरूषोत्तम शर्मा एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बयाना में गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पखवाड़े पर निकाली जा रही प्रभात फेरी

### नगर परिक्रमा के बाद रोजाना होता है गुरुद्वारे में पाठ व लंगर सेवा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पखवाड़े के अवसर पर सोमवार को तीसरे दिन भी बयाना कस्बे में प्रभात फेरी निकाली गई। सूर्योदय की अम्रत वेला में श्रद्धालुओं की टोलियां गुरु नानक देव जी का निशान साहिब झंडा थामे, ढोल-मंजीरे बजाते हुए भजन-कीर्तन करते नगर भ्रमण पर निकलीं।

प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर नगर परिक्रमा करते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब में पहुंची, जहां इसका समापन गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ व अरदास और भोग के साथ हुआ। इस दौरान 'बोले सो निहाल... सत श्री अकाल और 'वाहेगुरु जी दा खालसा, वाहेगुरु जी दी फतेह के जयकारे वातावरण में गूंजते रहे।फेरी में शामिल श्रद्धालुओं के चेहरों पर भक्ति और आनंद का भाव झलक रहा था। नगर की गलियां गुरबाणी के मधुर स्वरों से गुंजायमान रहीं और सुबह सवेरे मोरिंग वाक पर निकले राहगीर भी श्रद्धा से नतमस्तक होते दिखे। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में गुरु ग्रंथ साहिब जी का सुखमनी साहिब पाठ, अरदास और भोग संपन्न हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए चाय-प्रसाद व लंगर सेवा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सेवादार राजेश छाबड़ा ने बताया कि प्रकाश उत्सव पखवाड़े के दौरान प्रतिदिन प्रभात फेरियां, कीर्तन दरबार और सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव पर आगामी 5 नवंबर को गुरुद्वारा में अटूट लंगर व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किए जाएंगे।

## गिनी शर्मा द्वारा सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी) सोहन लाल शर्मा शर्मा के निवास कृष्णा नगर हाउसिंग बोर्ड पर उनकी पौत्री सुश्री गिनी शर्मा का चार्टेड अकाउंट में उत्तीर्ण होने पर सम्मान किया गया।

सुश्री गिनी शर्मा ने यह परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की।इस उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाज सेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में माला,साफा,पटका व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।ईश्वर से उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ,सर्व मित्र मंडल फाउंडेशन जिलाध्यक्ष नेमीचंद शर्मा,एडवोकेट मनोज भारद्वाज, विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष डॉ.सुशील पाराशर, समताआन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर,सोहन लाल शर्मा,चेतन शर्मा, उत्तम शर्मा, गिनी की मां गुंजन शर्मा, पूर्व अतिरिक्त निदेशक कमलकिशोर शर्मा,सहायक लेखा अधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा,सोहन लाल शर्मा, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर दयाल शर्मा,सर्व मित्र मंडल फाउंडेशन प्रान्तीय उपाध्यक्ष राजेंद्र जति समता आन्दोलन सह सचिव अशोक कुमार सारस,अन्तरराष्ट्रीय मानव अधिकार संघठन अध्यक्ष राजेन्द्र भारद्वाज,रोडवेज संभाग अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा,अन्न पूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा, एल आई सी के लाल चंद शर्मा,तिलक नगर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारी लाल,बृजकिशोर शर्मा नीरज शर्मा ,समाज सेवी चेतन शर्मा आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## दीपावली के त्यौहार पर घर आये बदमाश, पुलिस ने मोबाइल लोकेशन से दबोचे

### एक वर्ष पहले दिया था गांव रेवई के पास लूट की वारदात को अंजाम, दोनों आरोपियों पर एक दर्जन मामले दर्ज,लूट का मोबाईल बरामद

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी,(राजू शर्मा)। उपखंड की सदर थाना पुलिस ने एक वर्ष पूर्व हुई लूट की घटना के मामले में मोबाइल लोकेशन के आधार पर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों से पूछताछ के बाद लूट का मोबाइल भी पुलिस में बरामद कर लिया है। घटना को लेकर पुलिस पिछले एक वर्ष से आरोपियों की तलाश कर रही थी लेकिन आरोपियों की लोकेशन मुंबई महाराष्ट्र मिल रही थी। ऐसे में पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही थी। लेकिन जब त्योहार पर दीपावली मनाने आरोपी बदमाश अपने घर आए तो पुलिस ने उन्हें त्योहार के बाद दबोच लिया।

सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत आरोपियों की ट्रेसिंग करने के साथ मुखबिर तंत्र का भी सहयोग लिया जा रहा है। करीब एक वर्ष पहले 12/ 9/ 2024 को थाना क्षेत्र के बसेड़ी रोड पर रेवई गांव के पास नादनपुर थाना क्षेत्र के गांव गुमानपुरा निवासी पीड़ित चंद्रभान पुत्र हीरालाल जाटव के साथ लूट की वारदात हुई थी। पीड़ित चंद्रभान बाड़ी से नया मोबाइल खरीदकर टेंपो से वापस अपने गांव जा रहा था। रेवई गांव के पास टेंपो का ईंधन खत्म हो गया तो वह पैदल ही बसेड़ी की ओर जाने लगा। इस दौरान बाइक पर आए तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया और मारपीट करते हुए उसके पास से दो मोबाइल और 2900 रुपये की नगदी छीनकर ले गए। घटना को लेकर पीड़ित



चंद्रभान ने पुलिस को रिपोर्ट दी जिसमें धारा 308 (2) बीएनएस में मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश की गई साथ में मोबाइल ट्रेसिंग की गई। जिसमें लोकेशन मुंबई महाराष्ट्र मिली।

दीपावली के त्योहार पर आरोपियों के वापस गांव आने की संभावना को देखते हुए विशेष निगरानी की गई। इस दौरान ट्रेसिंग में लोकेशन जब गांव रेवई आई तो एडिशनल एसपी कमल जागिड़ और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में थाने के एएसआई कम्पोटर सिंह,हेड कोस्टेबिल हल्केराम, कोस्टेबिल राजू,लोकेंद्र,सुघड़ सिंह,रविन्द्र,हेमसिंह ओर राहुल की टीम बनाकर गांव रवाना की जहां से लूट के आरोपी प्रवेश कुमार पुत्र रामवीर गुर्जर निवासी संडपुरा को गिरफ्तार किया गया।

## बारिश होने से किसान चिन्तित, सूर्यदेव के नहीं हुए दर्शन

### सर्दी बढी,लोगों ने पहने गर्म कपडे

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। शहर सहित उपखंड क्षेत्र में सोमवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे एवं देर रात तक रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। इस दौरान सुबह से शाम तक सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हुए। बरसात होने से किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई। सोमवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे एवं दिन भर हल्की बूंदाबांदी का दौर चलता रहा जो देर रात तक जारी रहा। आसमान में काले बादल छाने से दिनभर अंधेरा छाया रहा। बूंदाबांदी होने से किसान सहित आमजन प्रभावित रहा। किसान रामजीलाल गुर्जर, नाथूलाल गुर्जर व तुलसीराम चौधरी ने बताया कि वर्तमान में खेतों में सरसों की बिजाई का काम चल रहा है। बरसात होने से बीज नहीं उग पाएंगे। जिससे किसानों को महंगे बीजों का नुकसान होगा। जिससे किसानों को दुबारा बीज डालकर जुताई करनी पडेगी। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान भी होगा। बरसात होने से तापमान गिर गया है। जिससे ठण्ड का अहसास होने लगा है।

## भरतपुर नगर निगम ने केस जीतने के बाद तोड़ा अतिक्रमण

### रुका हुआ था इंटरलॉकिंग का काम



बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी) भरतपुर नगर निगम की टीम ने कलेक्ट्रेट के सामने एक मकान के बाहर बने पक्के अतिक्रमण को तोड़ा। यह अतिक्रमण राष्ट्रीय सर्व मेघ वंश महासभा अभाव अभियोग निराकरण विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार पप्पा ने किया हुआ था। अतिक्रमणकारी नगर निगम के खिलाफ कोर्ट में गए थे। वहां नगर निगम केस जीत गया था। जिसके बाद अतिक्रमण को हटाया गया।

**कोर्ट में नगर निगम केस जीता :** नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई ने बताया कि कलेक्ट्रेट के सामने काफी लंबे समय से अतिक्रमण था। यह अतिक्रमण 2 लोगों ने किया हुआ था। दोनों लोग कोर्ट में गए थे। कोर्ट में नगर निगम जीत गई थी। आज अतिक्रमण को तोड़ा गया है। इससे पहले मंदिर और गुरुद्वारे तोड़े गए थे। यह अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण बीडीए (भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी) ने इंटरलॉकिंग का काम रोक दिया था।

**इंटरलॉकिंग कार्य अटका था :** आज अतिक्रमण को हटाया गया है। बीडीए से भी बात कर ली है। जिससे इंटरलॉकिंग का काम पूरा किया जा सके। आगे भी अतिक्रमण है। उसका सर्वे करवाया जाएगा। जो लोग अतिक्रमण कर रह रहे हैं। वह गरीब लोग हैं। उनके रुकने की ऑप्शनल व्यवस्था करवाकर अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

## पथैना में किसान की सरसों चोरी

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। भुसावर के पथैना गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर से आधा दर्जन से अधिक सरसों की बोरियां चुरा लीं। यह घटना 26 और 27 अक्टूबर की मध्यरात्रि में हुई। सूचना मिलने पर खेड़ली मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पथैना निवासी रवि फौजदार पुत्र यदुवीर के घर के बरामदे में रखी लगभग 30 बोरियों में से चोरों ने आधा दर्जन से अधिक सरसों की बोरियां चुराईं। परिजनों को चोरी का पता तब चला जब उन्होंने बोरियां गायब देखीं और रास्ते में सरसों बिखरी पड़ी पाई। चोर बोरियों को किसी वाहन में भरकर ले गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए खेड़ली मोड़ थाना पुलिस ने भरतपुर से थैस् (फोरेंसिक साइंस लैब) और एक विशेष टीम को बुलाया। टीमों ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि विभिन्न टीमें बनाकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## एनएचएम ने सीएचओ के लिए ऑनलाइन अटेंडेंस लागू की: धौलपुर में कर्मचारियों ने आदेश का विरोध किया, हड़ताल की

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी,(राजू शर्मा)। राजस्थान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) के लिए ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली लागू करने के आदेश का विरोध शुरू हो गया है। धौलपुर जिले के सीएचओ संगठनों ने इस आदेश को भेदभावपूर्ण बताते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

एनएचएम के मिशन निदेशक और संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर द्वारा 13 अक्टूबर, 2025 को यह आदेश जारी



किया गया था। इसके तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कार्यरत सीएचओ कार्मिकों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य की गई है। धौलपुर के सीएचओ संगठनों ने 27 अक्टूबर को जिला कलेक्टर के माध्यम से मिशन निदेशक को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया।

कर्मचारियों का कहना है कि मुख्यालय से जिला, खंड, सीएचसी/पीएचसी और उपकेंद्रों के स्तर पर मासिक बैठकें होती हैं। दूरदराज के गांवों में संबंधित कार्यों के लिए पूर्ण उपस्थिति देना संभव नहीं है। साथ ही, संस्थानों पर पर्याप्त संसाधन जैसे लैपटॉप, टैबलेट और इंटरनेट उपलब्ध नहीं हैं। सीएचओ ने यह भी आपत्ति जताई है कि इस ऐप के लिए व्यक्तिगत मोबाइल का उपयोग करना उनकी गोपनीयता का उल्लंघन है और इससे उनकी लोकेशन ट्रेस की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सीएचओ वर्ग हमेशा ईमानदारी से अपना काम करता रहा है और सरकार के राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहयोग करता है।

## सैंपऊ प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी: नाराज सदस्यों ने की बैठक, धौलपुर के बड़े नेता कर रहे नेतृत्व

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर,(राजू शर्मा)। धौलपुर जिले की सैंपऊ पंचायत समिति में सत्ता परिवर्तन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। प्रधान से नाराज एक दर्जन से अधिक पंचायत समिति सदस्यों ने दीपावली के अवसर पर जिला मुख्यालय पर एक बड़े नेता के आवास पर बैठक की। इस बैठक में वर्तमान प्रधान दुष्यंत बघेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

माना जा रहा है कि जल्द ही इन सदस्यों द्वारा जिला परिषद सीईओ को प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा जा सकता है। राजनीतिक गलियारों में इस संभावित अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा जोरों पर है, और कई सदस्यों ने बैठक में अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है।

सूत्रों के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम को जिले का एक बड़ा राजनीतिक नेता नेतृत्व दे रहा है। चर्चा है कि पंचायत समिति के आधे से अधिक सदस्य इस नेता के प्रभाव में हैं, जिससे अविश्वास प्रस्ताव के सफल होने की संभावना बढ़ गई है। बैठक में नए प्रधान और उप प्रधान के चयन पर भी विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों के बीच संभावित खींचतान से बचने के लिए, यह सहमति बनी कि नए प्रधान और उप प्रधान का चयन वर्तमान प्रधान को पद से हटाने के बाद ही किया जाएगा। सदस्यों को फिलहाल एकजुट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**मलिंगा पर टिकी है निगाहें :** स्थानीय पंचायत समिति में पिछले




दो बार से धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाह और बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के संयुक्त प्रयासों से प्रधान बनता आया है। इस बार पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा उठा पटक की जो कोशिश की जा रही है उसमें मलिंगा का रोल अहम हो सकता है। क्योंकि मलिंगा के पास 9 सदस्य है और शोभारानी कुशवाहा के पाले के 14 सदस्य बताए जाते हैं, एक सदस्य मौजूदा विधायक का बताया जाता है यानि कुल 27 सदस्यों में से प्रधान के पास खुद का और 2 अन्य सदस्यों की सपोर्ट बताई जाती है। ऐसे में सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव आता है तो प्रधान का जाना तय माना जा रहा है।

### पाला दर पाला बदलने से उप प्रधान से लेकर प्रधान तक का सफर

वर्तमान प्रधान दुष्यंत बघेल को बाड़ी के मौजूदा विधायक जसवंत गुर्जर का पुराना कार्यकर्ता माना जाता है। एक मामले में सैंपऊ की तत्कालीन एसएचओ टीनू सोगरवाल द्वारा पुलिस थाने में बंद किए जाने से नाराज होकर में उसने पाला बदल लिया और वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में तत्कालीन विधायक गिर्राज मलिंगा के साथ कांग्रेस पार्टी में आ गया। मलिंगा ने पंचायत समिति के चुनाव में प्रधान बनाने के लिए उसे कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ाया और जितवाया, लेकिन सदस्य कम होने के कारण मलिंगा उसे प्रधान के बजाय उप प्रधान बनाने में सफल रहे।

शोभारानी समर्थित भाजपा प्रत्याशी तुलसीराम कुशवाहा को प्रधान बनाया गया। प्रधान नहीं बनाए जाने की नाराजगी के चलते उसने वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव से पहले पाला बदल लिया और बसपा से चुनाव लड़े वर्तमान विधायक जसवंत सिंह के साथ आ गया।

## ठिठुरती रातों में इंसानियत की चादर,आशीष सांड ने किया कम्बल वितरण



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जब सर्द हवाओं ने दस्तक दी, तब विजय नगर निवासी समाजसेवी आशीष सांड और शोभित जैन ने ठंड से ठिठुरते जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। दोनों ने मिलकर 30 गरीब परिवारों को कंबल और 50 मिठाई के डिब्बे वितरित किए आशीष सांड ने कहा कि जरूरत के वक्त किसी की मदद करना ही सच्ची मानवता है, उपदेश नहीं कर्म ही असली पूजा है। कार्यक्रम में रजत कुमावत, रोहित चोरडिया, राज जैन, हितेश शर्मा, अनिल जांगिड़, हर्ष सैन, राघवेंद्र लाड, गोविंद पुजारी और राहुल चौराडिया सहित कई युवा साथी मौजूद रहे इस मानवीय पहल ने समाज में दया, करुणा और सेवा की भावना को एक नई दिशा दी।

## निम्बाहेड़ा में आज आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह

### विधायक कृपलानी करेंगे 13 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा निम्बाहेड़ा के तत्वावधान में मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 को 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत अगली पीढ़ी जी.एस.टी. सुधार (विधानसभा सम्मेलन) तथा दीपावली स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 2 बजे नया डोम, कृषि उपज मण्डी प्रांगण, निम्बाहेड़ा में होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में राजस्थान सरकार के पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचन्द कृपलानी, भाजपा जिला अध्यक्ष चित्तौड़गढ़ रतनलाल गाडरी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़ महावीर सिंह कृष्णावत सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेतागण उपस्थित रहेंगे।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह के आरंभ में पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के कर कमलों से निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्रवासियों को लगभग 13 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इनमें कृषि उपज मंडी समिति निम्बाहेड़ा में 2.97 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सेल्फ सपोर्टिंग डोम, 1.81 करोड़ की लागत के सीसी पेवमेंट, 2.04 करोड़ की लागत की सीसी सड़क, 55 लाख की लागत के किसान कलेवा भवन, 66 लाख की लागत की बाउंड्री वॉल, 8.39 लाख के अन्य कार्यों के साथ ही जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा में एनएचएम-पीआईपी योजनान्तर्गत 4.50 करोड़ की लागत से निर्मित चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ आवास निर्माण कार्य, श्री सेवा संस्थान के सहयोग से 12 लाख की ऑटो एनालाइजर मशीन, 4 लाख की ऑटो सीबीसी मशीन, आईडीबीआई बैंक के सहयोग से 9.95 लाख की सी.आर. मशीन, आरएमआरएस मद से 55 हजार की ऑटो एनालाइजर मशीन, 1.45 लाख की ऑटो फ्लोक्वेंट एनालाइजर मशीन तथा 45 हजार की यूरिया एनालाइजर मशीन (11-13 मीटर) शामिल हैं।

## राधेश्याम उपाध्याय राजस्थान प्रांतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनित

### महर्षि गौतम बैंक द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम मे किया अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजस्थान प्रांतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सभा में संगठन के प्रति निष्ठा और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता को देखते हुए भीलवाड़ा के राधेश्याम उपाध्याय को राजस्थान प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। सभा के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा और प्रधानमंत्री राजाराम शर्मा द्वारा हस्ताक्षरित पत्र दिनांक 26-10-2025 को जारी किया गया। इस मनोनयन के उपलक्ष्य में, महर्षि गौतम बैंक द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम, जो संतोषी माता मंदिर परिसर, भीलवाड़ा में आयोजित हुआ, वहां राधेश्याम उपाध्याय का समाज के द्वारा बधाई, शुभकामनाओं और सम्मान के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज ने प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान, समाज की होनहार प्रतिभा, आरएएस में चयनित आकांक्षा व्यास को भी सम्मानित किया गया। समाज ने अपनी प्रतिभाशाली बेटी के चयन पर गर्व व्यक्त किया। यह मनोनयन और सम्मान समारोह समाज में हर्ष का विषय बना हुआ है। समारोह में ललित शंकर चौबे, महावीर शर्मा, राधेश्याम व्यास, सुरेश उपाध्याय, मुकेश शर्मा, महावीर आचार्य, सुरेश गिल, प्रदीप व्यास, जगदीश भारद्वाज, विजय व्यास, बृजेश तिवारी, मनोज शर्मा, प्रभुलाल शर्मा, आदर्श पंचोली, अनिल शर्मा, कमल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नगर विकास न्यास की पारदर्शी लॉटरी से जिले में उत्साह की लहर, विजेताओं ने सीएम व प्रशासन का जताया आभार



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के सानिध्य में नगर विकास न्यास द्वारा हाल ही में आयोजित भूखंड लॉटरी प्रक्रिया में सफलता प्राप्त करने वाले आवेदकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के प्रति आभार व्यक्त किया है। सफल आवेदकों ने जिले में संयुक्त रूप से आभार यात्रा निकालते हुए कहा कि यह उनकी किस्मत का नहीं बल्कि सरकार की पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर 2025 को स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया। विजेताओं ने जिला प्रशासन और नगर विकास न्यास की टीम की भी सराहना की, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने लॉटरी में सफल आवेदकों को बधाई देते हुए कहा कि जिला प्रशासन आमजन के हित में पूर्ण निष्पक्षता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य आवेदकों द्वारा दर्ज की गई आपत्तियों का समाधान भी पूरी पारदर्शिता और न्यायपूर्ण तरीके से किया जाएगा।

### अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बाल प्रतियोगिता की छाप छोड़ गए अंतरराष्ट्रीय रेफरी मंगू भाई

# इंटरनेशनल शूटिंग बाल टूर्नामेंट के आयोजक मरहूम रफीक मोहम्मद उर्फ मंगु भाई की याद में टूर्नामेंट आयोजित

### सदियों तक याद रहेंगे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रफीक भाई

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** खेल और जोश का संगम रविवार को पचपहाड़ में देखने को मिला, जब मैदान गूंज उठा अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बॉल रेफरी रफीक मोहम्मद उर्फ मंगू भाई की स्मृति में आयोजित भव्य शूटिंग बॉल प्रतियोगिता से। पचपहाड़ स्पोर्ट्स क्लब की ओर से हुए इस एक दिवसीय टूर्नामेंट ने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों को रोमांच से भर दिया।

आयोजनकर्ता इरफान बेग, सलाम मिर्जा ने बताया कि प्रतियोगिता में इंदौर, उज्जैन, प्रतापगढ़, आलोट, मनोहरथाना, झालावाड़, कोटा, देवली मांझी, ढाबला, पचपहाड़ और चचलाव सहित कुल 16 टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम ने उम्दा खेल भावना के साथ मैदान में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया।

कार्यक्रम में आरटीएम मिल्स पदाधिकारी दिनेश राजपुरोहित,सर्वेश्वर माहेश्वरी,शूटिंग बॉल क्लब अध्यक्ष कालूलाल सालेचा, डॉ. जे.के. अरोड़ा, पालिकाध्यक्ष कैलाश बोहरा, सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और समर्पण की पहचान है।

जैसे-जैसे मुकाबले आगे बढ़े, मैदान में तालियों की गूंज और दर्शकों का उत्साह बढ़ता गया। हर स्मैश और सर्व पर दर्शकों की सीटियां और जयकारे गूंज उठे। मुकाबले देर रात तक चले और खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया।

विशेष बात यह रही कि टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसे लोगों ने घर बैठे देखकर खेल का आनंद उठाया।

मैच के समापन पर विजेता एवं उपविजेता की टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को आयोजन समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। तस्लीम अंसारी ने बताया कि पचपहाड़ क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं में खेल भावना जागृत करने के उद्देश्य से ऐसे टूर्नामेंट आगे भी आयोजित किए जाएंगे।

मौके पर मौजूद दर्शकों अबुबकर खान ने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ मनोरंजक रहा, बल्कि मंगू भाई की स्मृति को भी नई ऊर्जा के साथ जिंदा कर गया एवं प्रतियोगिता में अंतराष्ट्रीय स्तर के शूटिंग बॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया जो पचपहाड़ के लिए गर्व की बात है।

व्यक्तिगत श्रेणी में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

हीरो ऑफ द टूर्नामेंट- **पिंटू देवलजी**
बेस्ट डिफेंस- **तस्लीम अंसारी** (पचपहाड़)
बेस्ट नेटर- **सलाम मिर्जा** (पचपहाड़)
बेस्ट शूटर- **आशीष संगत** (आर.के. कोटा)

प्रतियोगिता के दौरान मैदान में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन समिति ने बताया कि यह टूर्नामेंट स्वर्गीय मंगू भाई की खेल भावना और सामाजिक योगदान को स्मरण करने के उद्देश्य से रखा गया था।

### पचपहाड़ में शूटिंग बॉल का संग्राम, मैदान में गूंजा स्वर्गीय मंगू भाई का नाम

इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया और देर रात तक मुकाबले जारी रहे। फाइनल मुकाबले में आर.के. संजय कोटा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं उपविजेता** रही पिंटू-अरबाज देवलदी की टीम। तीसरे स्थान पर पचपहाड़ स्पोर्ट्स क्लब और चौथे स्थान पर सिद् क्लब कोटा रही।

## बूंदी में 31 अक्टूबर को होगा 'सरदार @150-एकता मार्च सरदार पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता का संदेश

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी (नि.स.)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में बूंदी में 31 अक्टूबर 2025, शुक्रवार को जिला स्तरीय 'सरदार ञ्च150-एकता मार्च एकता मार्च' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा समाज में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सदभाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी।

सोमवार को इस आयोजन के संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एकता मार्च प्रातः 8 बजे खेल संकुल से प्रारंभ होगा और सर्किट हाउस, अहिंसा सर्किल, इंदिरा मार्केट से चौगान गेट, सब्ज़ी मंडी रोड़ होते हुए पुरानी नगर परिषद के सामने से होकर खोजा गेट स्थित खेल संकुल बूंदी पर संपन्न होगी।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री संजय लाठी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल का जीवन भारत की एकता, अखंडता और समर्पण का अदभुत प्रतीक है, जिसे हमें आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में समस्त भारत वर्ष में पदयात्राएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने आम जनमानस से पदयात्रा में सहभागी बनकर राष्ट्र यज्ञ में आहुति देने का आह्वान किया।

जिला युवा अधिकारी सचिन पाटोदिया ने बूंदी जिले के सभी युवा साथियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे इस एकता प्रयास यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लें और सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का संकल्प लें।

इस दौरान पदयात्रा के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, जिला महामंत्री संजय लाठी, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, जिला मीडिया संयोजक विकास शर्मा, पदयात्रा संयोजक अजय त्यागी और सह संयोजक संदीप यादव उपस्थित रहे।

## निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 55 रोगियों की जांच, 20 के ऑपरेशन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** मानव सेवा संस्थान की ओर से जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी, सेठ चिरंजीलाल, रमेशचंद्र मानसिंहका चौरिटेबल ट्रस्ट एवं स्पर्श हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन सुभाष नगर स्थित टंकी के बालाजी पर किया गया।

मानव सेवा संस्थान के चांदमल सोमानी ने बताया कि शिविर में 55 रोगियों को स्पर्श हॉस्पिटल की अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन डॉ कृष्णा हेड़ा (पूर्व अनुभवी चिकित्सक गोमाबाई नेत्रालय नीमच) द्वारा परामर्श दिया। शिविर में चयनित 25 मे से 20 रोगियों के ऑपरेशन टंकी के बालाजी के पास स्थित स्पर्श हॉस्पिटल में किए गए। ऑपरेशन हो चुके रोगियों को चश्मे एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित करेंगे।

ट्रस्ट के संयोजक पंकज मानसिंहका व सुनील मानसिंहका ने बताया कि शिविर में मरीजों के खाने पीने व रहने की सुविधा निशुल्क की गई है। शिविर के शुभारंभ पर विपिनचंद्र पारीक, ओमप्रकाश जोशी, स्पर्श हॉस्पिटल के डॉक्टर अतुल हेडा, गोपाल शर्मा, कोमल जाट, विनोद शर्मा आदि मौजूद थे। शिविर हर माह की 26 तारीख को आयोजित हो रहा है। संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर जीके मिश्रा ने अधिक से अधिक नेत्र रोगियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## नाबालिग का अपहरण : दो अभियुक्तों को 5-5 वर्ष का कठोर कारावास

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** दिनांक 09 जुलाई 2024 को दर्ज हुए नाबालिग के अपहरण के मामले में कोर्ट ने सजा का फैसला सुनाया है। प्रकरण के अनुसार, पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह अपनी नाबालिग पुत्री के साथ एक परिचित के घर कार्यक्रम में गई थी, जहां से कुछ देर बाद पुत्री घर जाने की कहकर निकली, लेकिन वह घर नहीं पहुंची। परिजनों द्वारा तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चलने पर पुलिस में मामला दर्ज हुआ। जांच के दौरान पुलिस ने नाबालिग पीड़िता को दान्तयाब कर बयान लिए। पीड़िता ने बताया कि कार्यक्रम से लौटते समय रास्ते में एक परिचित व्यक्ति मिला, जिसने घर छोड़ने का कहकर उसे मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। वह उसे स्कूल के पास ले गया, जहां नीलेश मीणा, रामराज मीणा और एक अन्य व्यक्ति वैन लेकर खड़े थे। इन लोगों ने उसका अपहरण कर जयपुर ले जाकर एक मकान में रखा और बारी-बारी से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई तथा तबीयत बिगड़ने पर उसे घर के बाहर छोड़ दिया गया। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्तगण रामराज मीणा और नीलेश मीणा को गिरफ्तार कर तफ्तीश पूर्ण की तथा न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 18 गवाहों और 31 दस्तावेजों के माध्यम से आरोप सिद्ध किए। साक्ष्यों और बयानों के आधार पर माननीय न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्रा ने दोनों अभियुक्तों को अपहरण के अपराध में दोषी मानते हुए प्रत्येक को 5-5 वर्ष का कठोर कारावास एवं 6,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

## मछलियों की जिंदगी पर मंडराया खतरा,सुभाष उद्यान के बिछड़ली तालाब में जलकुंभी का बढ़ा स्तर

### ब्यावर यूथ संगठन ने नगर परिषद आयुक्त से की शीघ्र निवारण की अपील

बढ़ता राजस्थान





**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के बीचोंबीच स्थित सुभाष उद्यान का बिछड़ली तालाब इन दिनों जलकुंभी की अत्यधिक बढ़ोतरी के कारण गंभीर स्थिति में पहुंच गया है। तालाब में फैली जलकुंभी से जल का प्रवाह बाधित हो रहा है, जिससे तालाब में रह रही हजारों मछलियों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है।

इस संबंध में ब्यावर यूथ संगठन के अध्यक्ष ब्रिजेश साहू ने नगर परिषद आयुक्त महोदय अपील कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि बीते दो-तीन दिनों में जलकुंभी तेजी से फैल गई है, जिससे तालाब का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है संगठन ने कहा कि सुभाष उद्यान शहर का प्रमुख हरित स्थल है और यहां प्रतिदिन अनेक नागरिक, वरिष्ठजन एवं पर्यावरण प्रेमी पहुंचते हैं। कई समाजसेवी यहां मछलियों को आहार डालने और उनकी सेवा करने आते हैं, लेकिन जलकुंभी के बढ़ने से मछलियों की ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित हो रही है ब्रिजेश साहू ने नगर परिषद प्रशासन से आग्रह किया कि प्रकृति को अपना मानते हुए इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि तालाब का पर्यावरण और जलचर जीवन सुरक्षित रह सके। संगठन ने उम्मीद जताई है कि नगर परिषद प्रशासन शीघ्र कार्रवाई कर तालाब से जलकुंभी की सफाई करवाएगा, ताकि शहर का यह हरित धरोहर स्थल फिर से स्वच्छ और सुंदर रूप में लौट सके।

### पालनहार बने उम्मीद की डोर,ब्यावर में 81.66प्रतिशत बच्चों का वार्षिक नवीनीकरण पूर्ण

# 'हर बच्चे को स्नेह, शिक्षा और सुरक्षा का अधिकार पालनहार योजना ने बदली हजारों ज़िंदगियाँ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सरकार की महत्वाकांक्षी पालनहार योजना के तहत जिला ब्यावर में 13,608 पंजीकृत बच्चों में से 11,113 बच्चों का वार्षिक नवीनीकरण पूरा हो चुका है, जो कुल का 81.66 प्रतिशत है।

यह योजना अनाथ, निराश्रित, विशेष योग्यजन एवं अन्य पात्र बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षा की व्यवस्था समाज के भीतर ही सशक्त बनाने की दिशा में एक संवेदनशील पहल है।जिला प्रशासन ने बताया कि वार्षिक नवीनीकरण प्रक्रिया जुलाई 2025 से प्रारंभ की गई थी। अब तक 11,113 बच्चों का नवीनीकरण पूर्ण हो चुका है, जबकि 2,495 बच्चों का नवीनीकरण शेष है।

प्रशासन ने अपील की है कि जिन पालनहारकर्ताओं ने अब तक नवीनीकरण नहीं करवाया है, वे विद्यालय प्रमाण पत्र के साथ नजदीकी ई-मित्र केंद्र पर शीघ्र ऑनलाइन नवीनीकरण करवाएं। नवीनीकरण के अभाव में योजना अंतर्गत देय सहायता राशि जारी नहीं की जा सकेगी

**योजना की पृष्ठभूमि व उद्देश्य :** राज्य सरकार ने 8 फरवरी 2005 को इस योजना की शुरुआत अनुसूचित जाति के अनाथ बच्चों के लिए की थी। बाद में इसे 23 अगस्त 2005 से सभी जातियों के पात्र बच्चों तक विस्तारित किया गया। वर्ष 2008 में निराश्रित पेंशन प्राप्त एकल महिला, नाता जाने वाली, तलाकशुदा या परित्यकता महिला के बच्चों को भी योजना में शामिल किया गया। योजना की विशेषता यह है कि बच्चों का पालन-पोषण संस्थागत रूप से न होकर, परिवारिक वातावरण में ही कराया जाता है जिससे उन्हें सामाजिक स्नेह और सुरक्षा दोनों मिलते हैं।

**पात्रता श्रेणियां** – अनाथ, एचआईवी/एड्स या कुष्ठ पीड़ित माता-पिता के बच्चे, निराश्रित पेंशन प्राप्त विधवा, नाता जाने वाली, तलाकशुदा या परित्यकता महिला के बच्चे, विशेष योग्यजन, सिलिकोसिस पीड़ित अभिभावक के बच्चे सहित कुल 10 श्रेणियां पात्र हैं। आवेदक की वार्षिक आय 1.20 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**भुगतान प्रक्रिया** – नवीन एवं नवीनीकृत आवेदन ई-मित्र केंद्रों के माध्यम से एसएसओ आईडी द्वारा किए जाते हैं। स्वीकृत आवेदनों का भुगतान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर द्वारा सीधे पालनहारकर्ता के बैंक खाते में किया जाता है।

**प्रशासन की अपील** – जिला प्रशासन ने सभी पालनहारकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शीघ्र नवीनीकरण पूर्ण करें ताकि कोई भी पात्र बच्चा योजना के लाभ से वंचित न रह सके।

### योजना के लाभ

- 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों हेतु 750 प्रतिमाह (आंगनबाड़ी जाना अनिवार्य)
- 7 से 18 वर्ष तक के बच्चों हेतु1500 प्रतिमाह (विद्यालय जाना अनिवार्य)
- वस्त्र, स्वेटर, जूते आदि हेतु 2000 वार्षिक एकमुश्त राशि (विधवा एवं नाता पालनहार को छोड़कर)।

लॉरेन्स विश्नोई गैंग का सक्रिय गैंगस्टर अमेरिका में डिटेन, वर्तमान में रोहित गोदारा गैंग का है सदस्य

# एजीटीएफ की निगरानी के बाद कुख्यात अपराधी जगदीप सिंह उर्फ जग्गा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर 27 अक्टूबर।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स को संगठित अपराध के विरूद्ध एक बड़ी सफलता मिली है। लॉरेन्स विश्नोई गैंग के सक्रिय और वर्तमान में रोहित गोदारा गैंग से संबंध रखने वाले कुख्यात गैंगस्टर जगदीप सिंह उर्फ जग्गा निवासी धुरकोट जिला मोंगा पंजाब को अमेरिका में डिटेन कर लिया गया है। यह गैंगस्टर लंबे समय से विदेशों में बैठकर भारत में आपराधिक गतिविधियां संचालित कर रहा था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स/एटीएस/एएनटीएफ श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में एजीटीएफ ने इस कुख्यात अपराधी पर लगातार निगरानी रखी हुई थी। जग्गा लॉरेन्स विश्नोई गैंग के लिए विशेष रूप से पंजाब और राजस्थान में सक्रिय था और विदेश में रहकर गैंग के लिए एक्सटोर्शन और फायरिंग की घटनाओं में संलिप्त रहा है। तीन वर्ष



पूर्व यह अपने पासपोर्ट पर दुबई भाग गया था और बाद में अवैध रूप से अमेरिका में चला गया। राजस्थान में विभिन्न प्रकरणों में बेल जंप होने के कारण इसके खिलाफ वारंट जारी किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्वान्त शर्मा, श्री नरोतम वर्मा, पुलिस निरीक्षक श्री रविन्द्र प्रताप, श्री सुनील जांगिड़, श्री मनीष शर्मा, श्री कमल पुरी, हेड कांस्टेबल श्री रमेश कुमार और कांस्टेबल श्री सुभाषचन्द, और श्री सुरेन्द्र कुमार शामिल थे।

### राजस्थान और पंजाब में दर्ज हैं मुकदमे

जगदीप सिंह उर्फ जग्गा धुरकोट पर पंजाब राज्य में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और उसे न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया है। राजस्थान में भी उसके विरूद्ध जोधपुर के पुलिस थाना प्रताप नगर और सरदारपुरा में प्रकरण पंजीबद्ध हैं, जिनमें न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। जग्गा मार्च 2017 में प्रताप नगर थाना क्षेत्र में डॉ. सुनिल चन्डक पर फायरिंग करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में शामिल था, सितम्बर 2017 में वह जोधपुर के सरदारपुरा थाना क्षेत्र में वासुदेव इसरानी के मर्डर में लॉरेन्स विश्नोई और अनमोल विश्नोई के साथ जेल में बंद रहा था।

### एजीटीएफ की सफल निगरानी और समन्वय

एजीटीएफ टीम ने तत्कालीन उप महानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव और वर्तमान उप महानिरीक्षक पुलिस श्री दीपक भार्गव के सुपरविजन में जग्गा के देसी ठिकानों पर दबिश दी गई। बाद में विदेशी नेटवर्क की विस्तृत जानकारी जुटाकर संबंधित अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया। इस प्रयास के बाद जग्गा को कनाड़ा-यूएसए बार्डर के समीप यूएसए ICE द्वारा डिटेन कर लिया गया।

### एजीटीएफ की सफल निगरानी और समन्वय

एजीटीएफ टीम ने तत्कालीन उप महानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव और वर्तमान उप महानिरीक्षक पुलिस श्री दीपक भार्गव के सुपरविजन में जग्गा के देसी ठिकानों पर दबिश दी गई। बाद में विदेशी नेटवर्क की विस्तृत जानकारी जुटाकर संबंधित अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया। इस प्रयास के बाद जग्गा को कनाड़ा-यूएसए बार्डर के समीप यूएसए ICE द्वारा डिटेन कर लिया गया।

### भारत प्रत्यर्पण और आगे की कार्रवाई

गैंगस्टर जगदीप सिंह उर्फ जग्गा धुरकोट फिलहाल यूएसए पुलिस की हिरासत में है। उसे भारत में प्रत्यर्पित करने के लिए सक्षम स्तर पर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। प्रत्यर्पण के बाद एजीटीएफ को जग्गा से जुड़े अन्य गैंग के सदस्यों की जानकारी मिलने की उम्मीद है। जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 के अन्तर्गत अन्य प्रकरण दर्ज कर संगठित अपराध से जुड़े व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# दौसा जेल में राष्ट्रीय एकता दिवस की अनूठी तैयारी, लौहपुरुष की सैंड आर्ट प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर 27 अक्टूबर।** विशिष्ट केंद्रीय कारागृह श्यालावास में राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर की तैयारियों के तहत बंदियों ने देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मिट्टी से बनी एक भव्य और सजीव सैंड आर्ट प्रतिमा तैयार की है। यह कलाकृति पूरी तरह से जेल परिसर की प्राकृतिक मिट्टी और रंगों का उपयोग करके बनाई गई है, जो कला के माध्यम से सुधार की दिशा में एक प्रेरक प्रयास है।




जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि इस पहल के माध्यम से बंदियों में सकारात्मकता और राष्ट्रीय भावना का संचार किया जा रहा है। इस अनूठी कलाकृति को बंदी राजेश मूर्तिकार ने अपने हुनर और अथक परिश्रम से गढ़ा है, जिसमें बंदी संदीप गुप्ता ने सहयोगी की भूमिका निभाई। मिट्टी से बने सरदार पटेल के इस चित्र में उनके दृढ़ व्यक्तित्व और राष्ट्रीय एकता के भाव को अत्यंत कुशलता के साथ दर्शाया गया है। जेलर विकास बागोरिया ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में जेल परिसर में कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में देश की एकता के लिए शपथ ग्रहण, देशभक्ति भरा नुक्कड़ नाटक, सरदार पटेल पर आधारित प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता और एक विशेष एकता परेड शामिल है, जिसका उद्देश्य बंदियों को राष्ट्रीय मूल्यों और एकता के महत्व से जोड़ना है।

# राजस्थान पुलिस की अपीलः जीवन प्रमाण पत्र अपडेट के नाम पर ओटीपी और रिमोट एक्सेस साझा न करें।




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर 27 अक्टूबर।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। यह सलाह पेंशन धारकों को संभावित साइबर अपराध से सचेत करने के लिए दी जाती है, क्योंकि आजकल साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय से जुड़े जीवन प्रमाण पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के बहाने नई तरह की धोखाधड़ी को अंजाम दिया जा रहा है।

उपमहानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम श्री विकास शर्मा ने बताया कि जालसाज स्वयं को पेंशन कार्यालय या संबंधित विभाग का कर्मचारी बताते हुए पेंशन धारकों को कॉल करते हैं। वे पहले पेंशन धारकों से उनकी नियुक्ति, सेवानिवृत्ति दिनांक, पीपीओ नंबर, आधार कार्ड संख्या, स्थायी पता, मासिक पेंशन और नॉमिनी जैसी पूरी जानकारी हासिल कर लेते हैं।

डेटा प्राप्त करने के बाद वे पेंशन धारकों को उनका जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने का झांसा देते हैं और उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को तुरंत साझा करने के लिए कहते हैं। एक बार जब पेंशन धारक ओटीपी साझा कर देते हैं, तो साइबर ठग उन्हें फर्जी लिंक या ऐप (जैसे AnyDesk या QuickSupport) भेजकर उनके मोबाइल/लेपटॉप/कंप्यूटर का रिमोट एक्सेस ले लेते हैं। रिमोट एक्सेस मिलते ही, जालसाजों को पेंशन धारक के बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस मिल जाता है, जिसके बाद वे खाते में जमा समस्त राशि को तुरन्त दूसरे फर्जी बैंक खातों या वॉलेट में स्थानांतरित कर देते हैं।

### *नागरिकों के लिए सुरक्षा उपाय*

पेंशन धारकों को यह हमेशा याद रखना चाहिए कि पेंशन निदेशालय कभी भी किसी भी पेंशन धारक को उनका जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल नहीं करता है और न ही स्वयं ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करता है।

ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने की प्रक्रिया केवल अधिकृत ई-मित्र केंद्रों द्वारा ही की जाती है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अज्ञात कॉल करने वाले व्यक्ति को अपनी बैंक जानकारी, ओटीपी, या पेंशन आईडी कभी भी साझा न करें। जीवन प्रमाण पत्र केवल अधिकृत वेबसाइट (https://jeevan-pramaan.gov.in) पर ही जमा करें और किसी भी अनजान लिंक या मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसकी सत्यता का पूरी तरह सत्यापन करें। किसी भी अंजान कॉल पर यदि दबाव बनाया जाए या डराया जाए तो तुरंत कॉल काट दें।

डीआईजी श्री शर्मा ने बताया कि यदि किसी पेंशन धारक के साथ इस प्रकार की घटना होती है, तो इसकी सूचना तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन/साइबर पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https://cybercrime.gov.in/, साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930 या साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930/9257510100 पर देनी चाहिए।

# पुलिस अधीक्षक ने स्थैतिक निगरानी दल की ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर की सख्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर 27 अक्टूबर।** बारां जिले में विधानसभा उपचुनाव 2025 (निर्वाचन क्षेत्र अन्ता-193) के दौरान कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने पर बारां पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले दो पुलिस कार्मिकों को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अंदासु ने बताया कि निलंबित किए गए कार्मिकों में पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल मुकेश कुमार गुर्जर और कांस्टेबल चन्द्रभान सहरिया शामिल हैं। ये दोनों कार्मिक विधानसभा उपचुनाव के दौरान स्थैतिक निगरानी दल की ड्यूटी में अनुपस्थित पाए गए और अपने कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही बरती। निलंबन काल के दौरान इन दोनों कार्मिकों का मुख्यालय पुलिस लाईन बारां निर्धारित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने यह स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव ड्यूटी एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और यदि कोई भी कार्मिक इस दौरान लापरवाही बरतता है तो उसके विरूद्ध आवश्यक एवं कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# पीएम किसान निधि, जनआधार और आपदा प्रबंधन पोर्टल में सेंध लगाने वाले नोडल ऑपरेटर सहित 6 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर 27 अक्टूबर।** झालावाड़ पुलिस द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन शटरडाउन एक अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह का पर्दाफाश है, जो देश और प्रदेश स्तर तक फैला हुआ था। यह गिरोह केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, जनआधार पोर्टल, राज एसएसपी (सोशल सिक्योरीटी पेंशन) पोर्टल और आपदा प्रबंधन विभाग के पोर्टल (DMIS) में सेंध लगाकर करोड़ों रुपये की राजकोषीय धोखाधड़ी कर रहा था। इस ऑपरेशन की शुरुआत 22 अक्टूबर को 30 आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ हुई थी, जिसे निरंतर जारी रखते हुए और बड़ी सफलताएँ हासिल की गई हैं।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि अभियान को निरंतर जारी रखते हुए झालावाड़ पुलिस ने अपराधियों से जुड़े लगभग 11,000 संदिग्ध बैंक अकाउंट्स को डेबिट फ्रीज करवाया है, जिनमें अब तक करीब 1 करोड़ की राशि होने की पुष्टि हुई है। इस कार्यवाही में दिल्ली, पंजाब, और राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, दौसा व जोधपुर से कुल 6 आरोपी गिरफ्तार किए गए और 2 आरोपी डिटेन किए गए हैं, जिनमें सरकारी सिस्टम में बैठे कर्मचारी शामिल हैं। इस मामले में देश के अलग-अलग हिस्सों से कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपियों में किशनपोल बाजार जयपुर निवासी आरोपी मोहम्मद लईक पुत्र मोहम्मद रफीक जयपुर में पीएम किसान सम्मान निधि के स्टेट नोडल ऑफिस का ऑपरेटर है, यह अपनी ऑफिसियल आईडी का दुरुपयोग करके प्राइवेट व्यक्तियों के लिए अनाधिकृत आईडी बनाता था और रात में ओटीपी बायपास कर अपात्र लोगों की लैंड सीडिंग व अकाउंट एक्टिवेशन करता था।




उदयपुर में अवैध बायोडीजल का रैकेट ध्वस्त

# भूमिगत टैंक और पेट्रोल पंप मशीन लगाकर हो रही थी बिक्री, डीएसटी और टीडी पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर 27 अक्टूबर।** उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अवैध बायोडीजल के भंडारण और बिक्री के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत डीएसटी और थाना टीडी ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में अवैध रूप से बायोडीजल बेचते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया और मौके से दो बायोडीजल से भरे टैंक जब्त किए गए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गोपाल स्वरूप मेवाड़ा और वृताधिकारी गिर्वा सूर्यवीर सिंह राठौड़ के सुपरविजन में एससी एस टी सेल के पुलिस उप अधीक्षक महिपाल सिंह और थानाधिकारी टीडी देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने टीडी की नाल में स्थित रामदेव होटल के पास दबिश दी।

टीम ने रामदेव होटल के पीछे पाया कि एक भूमिगत टैंक पर पेट्रोल पंप मशीन लगाकर वाहनों में अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ भरा जा रहा था। मशीन पर स्पष्ट रूप से BIO DIESEL लिखा हुआ था और यह मशीन चुनाव करके स्थाई रूप से लगाई गई थी, जिस पर अमाउंट, रेट और मात्रा की डिस्प्ले लगी थी। पुलिस टीम ने मौके पर रसद अधिकारियो प्रवर्तन अधिकारी डॉ. निशा मुन्दड़ा और सीनियर एरिया सेल्स मैनेजर श्रवण पुडी को बुलाया। टीम ने भूमिगत टैंक से पेट्रोलियम पदार्थ बाहर निकाला और दो लोहे के ड्रमों में भरा, जिसकी कुल मात्रा 440 लीटर (प्रति ड्रम 220 लीटर) पाई गई। मौके पर मिले व्यक्ति ने अपना नाम नवीन प्रकाश पुत्र मोहनलाल निवासी बनोडा, सलुम्बर बताया।

जिसने खुलासा किया कि वह यह पेट्रोलियम पदार्थ दस्तक कंपनी से लाकर अवैध रूप से बेच रहा था। बायोडीजल का अवैध भंडारण और बिक्री दंडनीय अपराध होने के कारण, पुलिस ने नवीन प्रकाश को तत्काल गिरफ्तार कर लिया।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार